## Class - 5

## Term - II JANUARY

## पाठ-16 मिर्च का मज़ा

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए।**

**शब्द - अर्थ**

(क) बल - ताकत

(ख) तुरंत - शीघ्र

(ग) राह - रास्ता,मार्ग

(घ) कुँजड़िन - सब्ज़ी बेचने वाली

**वाक्य रचना :-**

बल - मेरे मित्र ने बल का प्रयोग कर दुश्मनों से अपने आप को बचाया।

राह - आज राह पर एक कुँजड़िन को देखा जो धूप में सब्ज़ी बेच रही थी।

1 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) काबुलीवाले ने मिर्च के बारे में क्या सोचा?**

उत्तर काबुलीवाले ने मिर्च के बारे में सोचा कि यह एक तरह के अच्छे दाने हैं,जिन्हें खाने से बल मिलेगा और यह ज़रूर ही इस मौसम का कोई मीठा फल होगा।

**(ख) काबुलीवाला क्या पाकर मग्न हुआ?**

उत्तर काबुलीवाला छीमी (फली) को सस्ते दाम में पाकर मग्न हो गया।

**(ग) मिर्च ने अपना क्या प्रभाव दिखाया?**

उत्तर मिर्च ने अपना यह प्रभाव दिखाया कि काबुलीवाले का सारा मुँह जलने लगा और उसकी आँखों में पानी भर आया।

**(घ) काबुलीवाले ने मिर्च को कैसे खाया?**

उत्तर काबुलीवाले ने आँखें पोंछते, दाँत पीसते, रोते, रिसियाते और सिसियाते हुए मिर्च को खाया।

2 **कविता की पंक्तियाँ पूरी करो :-**

सोचा,क्या अच्छे दाने हैं, खाने से बल होगा,

यह जरूर इस मौसिम का कोई मीठा फल होगा।

एक चवन्नी फेंक और झोली अपनी फैलाकर,

कुँजड़िन से बोला बेचारा ज्यों-त्यों कुछ समझाकर
लाल-लाल,पतली छीमी हो चीज़ अगर खाने की,
तो हमको दो तोल छीमियाँ फ़कत चार आने की।

**3 सही वाक्य पर ✓तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

(क) लाल मिर्च को देखकर उसके मुँह में पानी भर गया। (✓)
(ख) कुँजड़िन ने उसकी झोली में फल भर दिए। (×)
(ग) काबुलीवाला मिर्च को ही चबाने लगा। (✓)
(घ) सिपाही ने कुँजड़िन को बेवकूफ़ कहा। (×)
(ङ) मिर्च ने उसकी जीभ पर अपना ज़ोर दिखाया। (✓)

**4 सही उत्तर पर ✓ लगाओ :-**

(क) किसको देखकर उसके मुँह में पानी भर आया?
उत्तर मिर्च को
(ख) काबुलीवाले की झोली में क्या था?
उत्तर मिर्च
(ग) मिर्च ने किस पर अपना ज़ोर दिखाया?
उत्तर जीभ पर
(घ) काबुलीवाले को किसने बेवकूफ़ बताया?
उत्तर सिपाही ने

**भाषा की बात**

**1 नीचे दिए शब्दों के विलोम लिखो :-**

कड़वा - मीठा
हँसना - रोना
दोष - गुण
भलाई - बुराई
महँगा - सस्ता
निराशा - आशा
पुराना - नया
चालाक - बुद्धू/मूर्ख

**2 दिए गए शब्दों से वाक्य बनाओ :-**

(क) बल - भीम की बाजुओं में बहुत बल था।
(ख) झोली - भगवान ने उस गरीब की झोली खुशियों से भर दी।
(ग) तुरंत - मुझे तुरंत घर जाना होगा।

(घ) राह - सच्चाई की राह कठिन होती है।

**4 निम्लिखित शब्दों में मेल करो :-**

बल - ताकत

छीमी - फली

मर्द - वीर

चक्षु - नेत्र

व्यक्ति - आदमी

## व्याकरण

## विराम-चिह्न

**1 सही उत्तर वाले विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए :-**

(क) (,) का चिह्न को कहते हैं-

उत्तर अल्पविराम

(ख) विस्मयादिसूचक चिह्न है-

उत्तर !

(ग) वाक्य के पूर्ण होने पर लगाया जाने वाला चिह्न कहलाता है-

उत्तर पूर्णविराम

**2 विराम-चिह्न किसे कहते हैं?**

उत्तर वाक्यों के बीच-बीच में थोड़ी देर के लिए रुकने का संकेत देने वाले चिह्नों को विराम-चिह्न कहते हैं।

**3 निम्नलिखित चिह्नों का प्रयोग करते हुए एक-एक वाक्य लिखिए :-**

पूर्णविराम(।) - कमर कसकर तैयार हो जाओ।

अल्पविराम(,) - श्याम को देखो,बिना मतलब मेरे गले पड़ रहा है।

प्रश्नवाचक चिह्न(?) - आजकल कहाँ रहते हो?

विस्मयादिसूचक चिह्न(!) - अरे ! तुम कब आए?

**4 निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम-चिह्नों का प्रयोग कीजिए :-**

(क) राम खाना खा रहा है।

(ख) रोशन तुम स्कूल क्यों नहीं गए?

(ग) राम, सीता और लक्ष्मण वन को गए।
(घ) शाबाश! तुम तो कक्षा में प्रथम आए हो।
(ड) क्या तुम बाजार जा रहे हो?
(च) सीताराम जी अब कैसे हैं?
(छ) छि:-छि:! कितनी बदबू है यहाँ।
(ज) सीता, गीता और कविता खेल रही हैं।
(झ) अरे वाह! यह तो बहुत सुंदर है।
(ञ) हमारा विद्यालय बहुत अच्छा है।

## शुद्ध - अशुद्ध

**1 निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए -**

विषेश - विशेष

परिवारिक - पारिवारिक

सैना - सेना

मतबल - मतलब

पत्नि - पत्नी

कृप्या - कृपया

रिण - ऋण

कवी - कवि

त्यौहार - त्योहार

प्रान - प्राण

**2 निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप छाँटकर उसके सामने दिए गए बॉक्स में सही (✓) का चिहन लगाइए:-**

| | | |
|---|---|---|
| प्रसंशा | प्रशंसा ✓ | प्रंशसा |
| अगनि | अग्नि ✓ | अगनी |
| अतिथि ✓ | अतिथी | अतीथि |
| शुन्य | शून्य ✓ | शूनय |
| परंतू | परंतु ✓ | परन्तु |

## क्रियात्मक कार्य

## अपठित गद्यांश

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

नम्रता कमजोरी का नहीं,वरन विद्वत्ता,योग्यता एवं बुद्धिमत्ता का सूचक है। जिन लोगों में यह गुण नहीं होता, वे अपनी अकड़ और डाँट-फटकार से दूसरे लोगों पर अपना प्रभाव डालते हैं। इसके अलावा नम्रता सफलता का प्रतीक है। जिस प्रकार अधिक फलों वाला वृक्ष हमेशा विनीत होता है अर्थात झुकता है और वर्षा करता है। उसी प्रकार इसमें हमें यह शिक्षा मिलती है कि यदि हम समाज और देश की सेवा करना चाहते हैं तो हमें नम्रता का गुण आत्मसात करना होगा। वास्तव में, नम्रता मनुष्य के व्यक्तित्व का श्रृंगार है।

**(क) नम्रता किसका सूचक है।**

उत्तर नम्रता कमजोरी का नहीं,वरन विद्वत्ता,योग्यता एवम बुद्धिमत्ता का सूचक है।

**(ख) जिन लोगों में नम्रता नहीं होती वे कैसे प्रभाव डालते हैं?**

उत्तर जिन लोगों में यह गुण नहीं होता, वे अपनी अकड़ और डाँट-फटकार से दूसरे लोगों पर अपना प्रभाव डालते हैं।

**(ग) नम्रता किसका प्रतीक है?**

उत्तर नम्रता सफलता का प्रतीक है।

**(घ) अधिक फलों वाले वृक्ष की क्या विशेषता बताई गई है?**

उत्तर अधिक फलों वाला वृक्ष हमेशा विनीत होता है अर्थात झुकता है और वर्षा करता है।

**(ङ) हमें समाज और देश की सेवा के लिए क्या करना होगा?**

उत्तर हमें समाज और देश की सेवा के लिए नम्रता का गुण आत्मसात करना होगा।

**(च) मनुष्य के व्यक्तित्व का श्रृंगार क्या है?**

उत्तर नम्रता मनुष्य के व्यक्तित्व का श्रृंगार है।

**Class - 5**

**Term - II DECEMBER**

**पाठ-13**

**राजा की उदारता**

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) सामंत-बड़े ज़मींदार

(ख) दुर्दशा-बुरी स्थिति

(ग) दरिद्रता-गरीबी

(घ) घृणा-नफ़रत

**वाक्य रचना :-**

मेरे दादाजी गाँव के बहुत बड़े **सामंत** हैं|

सुदामा की **दरिद्रता** देखकर कृष्ण की आँखों से अश्रु बहने लगे|

1 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) राजा सत्यजीत की प्रसिद्धि का क्या कारण था?**

उत्तर राजा सत्यजीत अपनी दानशीलता के लिए प्रसिद्ध थे तथा वे किसी भी समय किसी को भी दान के लिए ना नहीं करते थे|

**(ख) राजा सत्यजीत के भाई ने उसके साथ क्या किया?**

उत्तर राजा सत्यजीत के भाई ने सामंतों के साथ मिलकर राजा सत्यजीत के विरुद्ध विद्रोह किया और उनको देश निकाला देकर स्वयं राजा बन गया|

**(ग) प्रजा किसे चाहती थी, और क्यों?**

उत्तर प्रजा राजा सत्यजीत को चाहती थी क्योंकि कष्ट की घड़ी में भी वह कुछ-न-कुछ दान करते ही रहते थे|

**(घ) राजा प्रसेनजित के पश्चाताप का क्या कारण था?**

उत्तर राजा प्रसेनजित ने जब अपने बड़े भाई सत्यजीत का कटा सिर देखा तो उसे बड़ा पश्चाताप हुआ कि इन सामंतों के उकसाने पर ही उसने अपने बड़े भाई की ऐसी दुर्दशा कर डाली| जनता भी उसे पसंद नहीं करती और अपना भाई भी उसने खो दिया|

**2 सही वाक्य पर ✓ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

(क) जनता राजा सत्यजीत को बहुत चाहती थी| (✓)

(ख) प्रसेनजित बड़ा ही चालाक और बुद्धिमान था| (×)

(ग) राजा सत्यजीत का ह्रदय परिवर्तित हो गया| (×)

(घ) राजा सत्यजीत दानशीलता के लिए जग प्रसिद्ध थे| (✓)

(ड) राजा सत्यजीत को पाकर प्रजा बहुत सुखी हुई| (✓)

**3 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो :-**

**{आनंद , दरिद्रता, लोकप्रिय , सामंतों }**

(क) राजा सत्यजीत प्रजा में बहुत **लोकप्रिय** थे|

(ख) मैं अपनी **दरिद्रता** दूर करने के लिए आया हूँ|

(ग) उसकी आँखों से **आनंद** के आँसू बहने लगे|

(घ) **सामंतों** का साथ देने से प्रसेनजित विजयी हुआ|

**4 सही उत्तर पर ✓ लगाओ :-**

(क) सत्यजीत के पश्चात राजा कौन बना?

उत्तर **प्रसेनजित**

(ख) कवि के पैरों पर गिरकर कौन रोने लगा?

उत्तर **प्रसेनजित**

(ग) किस राजा को पाकर प्रजा बहुत सुखी हुई?

उत्तर **सत्यजीत**

(घ) राजा का कौन-सा कार्य सामंतों को पसंद नहीं था?

उत्तर **दान-कार्य**

**भाषा की बात**

**1 कुछ शब्द सुनने में समान से लगते हैं,लेकिन उनके अर्थ बिलकुल भिन्न होते हैं| नीचे दिए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाओ :-**

| | |
|---|---|
| ओर - तरफ़ | और - दूसरा |
| प्रणाम - नमस्कार | प्रमाण - सबूत |
| कुल - वंश | कूल - नदी का किनारा,तट |

2 **कभी-कभी भाषा में एक ही शब्द का दो बार प्रयोग किया जाता है| ऐसे शब्दों को शब्द-युग्म कहा जाता है| नीचे दिए शब्द-युग्मो से वाक्य बनाओ :-**
**निर्देशानुसार उत्तर लिखो :-**

(क) **कुछ-कुछ** - रोज बोले जाने वाले कुछ-कुछ शब्द संस्कृत से मिलते हैं|

(ख) **अभी-अभी**- अभी-अभी मुझे नींद आ गई|

(ग) **जल्दी-जल्दी**- अपना कार्य जल्दी-जल्दी पूरा कर दो|

3 **निम्नलिखित उर्दू शब्दों के हिंदी पर्याय लिखो:-**

तरफ़ - ओर

सिर्फ़ - केवल

माफ़ी - क्षमा

दरबार - सभा

खूब - अति, ज़्यादा

ज़रूर - अवश्य, अनिवार्य

## <u>पाठ-14</u>
## <u>भारत का लाल</u>

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) लज्जा - शर्म

(ख) नेक - सज्जन

(ग) परिचय - जानकारी

(घ) मग्न - मस्त

**वाक्य रचना :-**

कृपया आप अपना **<u>परिचय</u>** दीजिए|

वह अपने कार्य में **<u>मग्न</u>** है|

1 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

(क) **नन्हे माली को देखकर क्यों नहीं भागा?**

उत्तर नन्हे ने सोचा कि जब उसने कोई चोरी की ही नहीं तो फिर उसे माली से कैसा डर इसलिए नन्हे माली को देखकर नहीं भागा|

(ख) **माली ने नन्हे को क्या सीख दी?**

उत्तर माली ने नन्हे को यह सीख दी कि फूल तोड़ना भी तो चोरी जैसा ही है, और अगर

तुम्हारे पिताजी नहीं हैं तो तुम्हें और भी सोच-समझकर आचरण करना चाहिए और अच्छा बच्चा बनने की कोशिश करनी चाहिए|

(ग) **आगे चलकर नन्हे ने देश के लिए क्या किया?**

उत्तर नन्हे ने गांधीजी के नेतृत्व में देश की आज़ादी की लड़ाई में भाग लिया, स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद इन्होंने केंद्रीय मंत्री के रूप में अपनी योग्यता का परिचय दिया| 1964 में वे देश के प्रधानमंत्री बने| सन 1965 में पाकिस्तान के हमले के समय उन्होंने बहुत ही दृढता का परिचय दिया| इन्होंने 'जय जवान जय किसान' का नारा दिया|

**2 सही वाक्य पर ✓ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

(क) नन्हे माली को देखकर डर गया| **(×)**

(ख) शास्त्री जी ने आज़ादी की लड़ाई में भाग लिया| **(✓)**

(ग) लाल बहादुर शास्त्री देश के प्रथम प्रधानमंत्री थे| **(×)**

(घ) उनका विवाह ललिता देवी के साथ हुआ| **(✓)**

**3 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो :-**

**{ कठिनाइयों, प्राथमिक, निद्रा, पाकिस्तान, कुशलता }**

(क) माली पेड़ के नीचे गहरी **निद्रा** में मग्न था|

(ख) उन्होंने **कठिनाइयों** से कभी हार नहीं मानी|

(ग) उन्होंने अपनी **कुशलता** से सबका मन जीत लिया|

(घ) भारतीय फ़ौज ने **पाकिस्तान** के छक्के छुड़ा दिए|

(ड) उनके पिता **प्राथमिक** विद्यालय में अध्यापक थे|

**4 सही उत्तर पर ✓ लगाओ :-**

(क) लाल बहादुर शास्त्री का जन्म कब हुआ था?

उत्तर **2 अक्टूबर,1904 में**

(ख) शास्त्री जी ने कौन-सा नारा दिया?

उत्तर **जय जवान, जय किसान**

(ग) शास्त्री जी की मृत्यु कब हुई?

उत्तर **1966 ई. में**

**भाषा की बात**

1 **निम्नलिखित शब्द दो शब्दों के मेल से बने हैं| शब्दों को अलग-अलग करो:-**

(क) दोपहर - दो + पहर
(घ) परलोक - पर + लोक
(ख) प्रधानमंत्री - प्रधान + मंत्री
(ङ) भारतवासी - भारत + वासी
(ग) राष्ट्रपति - राष्ट्र + पति
(च) सूर्योदय - सूर्य + उदय

2 **कारकों के संबंध को प्रकट करने वाले चिह्नों को 'विभक्ति' या 'परसर्ग' कहते हैं? नीचे दिए शब्दों में परसर्ग लिखो :-**

(क) भारतवासी - भारत का वासी — शोकमग्न - शोक में मग्न
(ख) राष्ट्रपति - राष्ट्र का पति — राहखर्च - राह पर खर्च
(ग) गुणहीन - गुण से हीन — जलधारा - जल की धारा
(घ) डाकगाड़ी - डाक की गाड़ी — भारतरत्न - भारत का रत्न

3 **सही वर्तनी पर घेरा लगाओ :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | नेत्रत्व | नेतृत्व | नैतृत्व |
| (ख) | केंद्रीय | केन्द्रिय | केंदिय |
| (ग) | योगयता | योज्ञयता | योग्यता |
| (घ) | पोषण | पोसण | पोशण |
| (ङ) | निरनय | निर्नय | निर्णय |

4 **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो :-**

(क) जो सभी का प्रिय हो- लोकप्रिय
(ख) जिसका विवाह हो चुका हुआ हो- विवाहित
(ग) दूसरों का भला करने वाला- परोपकारी
(घ) अपनी हत्या स्वयं करना- आत्महत्या
(ङ) जो पढ़ा न गया हो- अपठनीय

## व्याकरण

## अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

1 **सही उत्तर वाले विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए :-**

(क) 'जो देखने योग्य हो'- वाक्यांश के लिए एक शब्द है-
उत्तर दर्शनीय
(ख) 'जिसे पाना कठिन हो'- वाक्यांश के लिए एक शब्द है-

उत्तर दुर्लभ

**2 निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:-**

हाथ से लिखा हुआ - हस्तलिखित
अत्याचार करने वाला - अत्याचारी
जिसकी कोई कीमत न हो - अमूल्य
जो साथ पढ़ता हो - सहपाठी
जहाँ जाना कठिन हो - दुर्गम
प्रतिदिन होने वाला - दैनिक

**3 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ 'जो','जिसका','जहाँ' आदि से शुरू करके लिखिए:-**

पठनीय - जो पढ़ा जा सके
अनंत - जिसका **अंत न हो**
शाकाहारी - जो शाक खाता हो
दुर्गम - जहाँ जाना कठिन हो
विकलांग -जिसका कोई अंग बिगड़ा हो
प्रत्यक्ष - जो आँखों के सामने हो

**4 नीचे दिए गए वाक्यों में रंगीन शब्दों के बदले एक शब्द देकर वाक्यों को दोबारा लिखिए;-**

(क) **जो ईश्वर में विश्वास रखता है, वह कभी असफल नहीं होता|**

उत्तर **आस्तिक** कभी असफल नहीं होता|

(ख) **जो आँखों के सामने होता है, उसको झुठलाया नहीं जा सकता|**

उत्तर **प्रत्यक्ष** को झुठलाया नहीं जा सकता|

(ग) **जिसके नीचे रेखा खिंची है, वह शब्द महत्वपूर्ण है|**

उत्तर **रेखांकित** शब्द महत्वपूर्ण है|

## अनेकार्थक शब्द

**1 सही उत्तर वाले विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए :-**

(क) **विभिन्न परिस्थितियों में अलग-अलग अर्थ देने वाले शब्द कहलाते हैं:-**

उत्तर अनेकार्थी

(ख) **'उत्तर' का एक अर्थ 'जवाब' होता है और दूसरा अर्थ होता है:-**

उत्तर एक दिशा

**2 नीचे दिए शब्दों के दो-दो अर्थ लिखिए:-**

जड़ - मूर्ख, वृक्ष का मूल
अर्थ - धन, उद्देश्य
कर - हाथ, टैक्स, करना
हार - पराजय, गले का आभूषण

3 **नीचे दिए प्रत्येक शब्द से दो-दो ऐसे वाक्य बनाइए जिससे उनके अलग-अलग अर्थ स्पष्ट हो जाएँ:-**

**पानी** - उसके चेहरे का पानी उतर गया|

उसे पानी पीना है|

**नग** - हिमालय जितना ऊँचा नग और कोई नहीं|

तुम्हारी अँगूठी का नग तो बहुत चमक रहा है|

**लाल** - लाल सेब मीठा होता है|

श्रीकृष्ण यशोदा के लाल थे|

4 **निम्नलिखित शब्दों के अनेकार्थक शब्द दिए जा रहे हैं| शब्द के अर्थ को समझते हुए वाक्य बनाइए:-**

**उत्तर** - जवाब - तुमने मेरे प्रश्न का उत्तर नहीं दिया|

दिशा - हिमालय भारत के उत्तर में स्थित है|

**पद-** चरण - तुमने इतनी बड़ी गलती की है, अब जाओ और अपनी माँ के चरण पकड़कर क्षमा माँगो|

ओहदा - कार्यालय में मेरा पद सबसे ऊँचा है|

**मान**- इज्ज़त - वहाँ जाने पर तुम्हारा मान कम नहीं हो जाएगा|

मानना - माता-पिता की बात मान कर तुमने अच्छा किया|

## क्रियात्मक कार्य

## चित्र वर्णन

**नीचे दिए चित्र का वर्णन 60-70 शब्दों के अनुच्छेद में कीजिए|**




प्रस्तुत चित्र मंदिर का है| मंदिर एक ऐसा स्थान है, जहाँ व्यक्ति श्रद्धाभाव से जाता है और अपने इष्टदेव की पूजा करके मानसिक शांति पाता है| अतः प्रातः काल सभी लोग मंदिर जाते हैं| इस चित्र में एक महिला हाथ में पूजा की थाली लिए मंदिर जा रही है| हिंदू धर्म में वृक्ष की पूजा का विधान है इसलिए प्रत्येक मंदिर के बाहर पीपल या केला एवं तुलसी का पौधा होता है| इस चित्र में एक वृक्ष है जिसके सामने खड़े होकर एक महिला पूजा कर रही है| एक बच्चा पूजा के लिए जाती हुई महिला से भिक्षा माँग रहा है| उसके एक हाथ में पात्र है और उसने दूसरा हाथ भिक्षा के लिए फैला रखा है| सीढ़ियों के पास एक बच्चा बैठा है, जो कि अपाहिज है| वह मंदिर में आने वाले भक्तों से दया की भीख चाहता है|

## औपचारिक पत्र

**प्रधानाचार्य को विद्यालय परित्याग प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन पत्र लिखिए|**

बी -33, गायत्री होम्स,
बोडकदेव,
अहमदाबाद, गुजरात|

सेवा में
प्रधानाचार्य महोदय
दिल्ली पब्लिक स्कूल, गांधीनगर
गांधीनगर, गुजरात|

दिनांक: 5 दिसंबर 2021

विषय: विद्यालय परित्याग प्रमाण-पत्र के संबंध में|

माननीय महोदय,

सविनय निवेदन है कि मेरे पिताजी का स्थानांतरण दिल्ली हो गया है| मेरा पूरा परिवार शीघ्र ही वहीं जाने की योजना बना रहा है| ऐसी स्थिति में मेरा यहाँ रहना संभव नहीं है| कृपा करके मुझे विद्यालय परित्याग प्रमाण-पत्र प्रदान करें ताकि वहाँ किसी अच्छे स्कूल में प्रवेश ले सकूँ|
इसके लिए मैं आपकी सदा आभारी रहूँगी|
सधन्यवाद

आपकी आज्ञाकारिणी छात्रा
सीमा मेहता
कक्षा: पाँच 'जी', अनुक्रमांक 12

**अभ्यास हेतु:- छात्रवृत्ति के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए|**

<u>Class - 5</u>

<u>Term - II NOVEMBER</u>

<u>पाठ-11</u>

## नीति के दोहे

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) हित - भलाई

(ख) भुजंग - साँप

(ग) उद्यम - परिश्रम

(घ) कनक - सोना

**वाक्य रचना :-**

हमें सबके हित के बारे में सोचना चाहिए|

उद्यम करने से सफलता मिलती है|

1 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) भले - बुरे की पहचान कब होती है?**

उत्तर भले-बुरे की पहचान वक्त आने पर उसकी वाणी से होती है|

**(ख) कवि ने किन व्यक्तियों को धनी कहा है?**

उत्तर कवि ने उन्हें धनी कहा है जो लोग जरूरतमंद और गरीबों का कल्याण करते हैं|

**(ग) जीवन में संगति का क्या महत्व है?**

उत्तर जैसी संगति में बैठोगे, वैसा ही उसका परिणाम होगा|

**(घ) तुलसीदास के अनुसार व्यक्ति को कहाँ नहीं जाना चाहिए?**

उत्तर तुलसीदास के अनुसार व्यक्ति को वहाँ नहीं जाना चाहिए जहाँ उनके जाने से लोग प्रसन्न न हो और लोगों की आँखों में आपके लिए प्रेम अथवा स्नेह न हो|

**(घ) विद्या रूपी धन कैसे प्राप्त किया जा सकता है?**

उत्तर विद्या रूपी धन श्रम/मेहनत से प्राप्त किया जा सकता है|

2 **निम्नलिखित दोहों को पूरा करो:-**

(क) रात गँवाई सयन करि, **<u>दिवस गँवायो खाय|</u>**
**<u>हीरा जनम अमोल यह</u>,** कौड़ी बदले जाय||

(ख) **<u>जो गरीब पर हित करैं</u>,** सो रहीम बड़ लोग|

कहाँ सुदामा बापुरो, **<u>कृष्ण मिताई जोग||</u>**

(ग) कदली,सीप,भुजंग - मुख, **<u>स्वाति एक गुण तीन|</u>**
**<u>जैसी संगति बैठिए,</u>** तैसो ही फल दीन||

(घ) विद्या धन उद्यम बिना, **<u>हको जु पावे कौन|</u>**
बिना डुलाए न मिले, **<u>ज्यों पंखा की पौन||</u>**

**3 सही वाक्य पर ✓ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

(क) मनुष्य का जीवन अनमोल है| (✓)
(ख) गुणों के बिना व्यक्ति बड़ा नहीं होता| (✓)
(ग) सभी पर संगति का प्रभाव नहीं पड़ता| (×)
(घ) गरीबों का भला करने वाले लोग वीर होते हैं| (×)
(ङ) विद्या बिना परिश्रम के नहीं मिलती| (✓)

**4 सही उत्तर पर ✓ लगाओ :-**

(क) वसंत ऋतु में किसकी पहचान होती है?
उत्तर कौआ-कोयल
(ख) भक्त सुदामा के मित्र कौन थे?
उत्तर कृष्ण
(ग) 'धतूरे' का पर्यायवाची है-
उत्तर कनक
(घ) व्यक्ति किससे महान बनता है?
गुणों से

**भाषा की बात**

**1 कुछ शब्द ऐसे होते हैं, जो हमेशा पुल्लिंग में ही आते हैं; जैसे -मगरमच्छ,कौआ आदि| ऐसे ही कोई छह शब्द लिखो :-**

कछुआ तोता भालू उल्लू खरगोश मच्छर

**2 कुछ शब्द का लिंग नहीं बदलता है| कुछ शब्द दोनों लिंगों (पुल्लिंग - स्त्रीलिंग) में समान रूप से आते हैं; जैसे-राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री आदि| ऐसे छह शब्द लिखो :-**

चित्रकार सभापति मुख्यमंत्री पत्रकार प्रोफेसर गवर्नर

**3 निर्देशानुसार उत्तर लिखो :-**

(क) 'कनक' के दो अर्थ - **सोना** **धतूरा**

(ख) 'रात' और 'कृष्ण' का विलोम है- **दिन** **शुक्ल, धवल**

(ग) 'कौए' का तत्सम रूप - **काक** **काग**

## विलोम शब्द

**1 सही उत्तर वाले विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए :-**

(क) 'विलोम' शब्द का अर्थ होता है-

उत्तर उलटा

(ख) 'रक्षक' शब्द का विलोम होता है-

उत्तर भक्षक

(ग) 'एक' शब्द का विलोम-

उत्तर अनेक

(घ) 'आकाश' शब्द का विलोम-

उत्तर पाताल

**2 विलोम शब्द किसे कहते हैं?**

उत्तर उलटा अर्थ प्रकट करने वाले शब्दों को विलोम शब्द कहते हैं|

**3 निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :-**

शत्रु x मित्र

उदय x अस्त

विश्वास x अविश्वास

उन्नति x अवनति

उष्ण xशीत

सत्य x असत्य

कटु x मधुर

तरल x ठोस

कायर x शूर

अल्प x अधिक

**4 निम्नलिखित उदाहरण के अनुसार एक ही वाक्य में विलोम शब्द का प्रयोग कीजिए:-**

एक अनेक - चाँद एक है, तारे अनेक|

लाभ हानि - व्यवसाय में लाभ और हानि होती है|

सत्य असत्य - हमें असत्य के नहीं सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए|

मित्र शत्रु - मनुष्य अपने कार्य से मित्र और शत्रु बनाता है|

उधार नगद- हमें प्रत्येक वस्तु नगद में लेनी चाहिए,उधार में नहीं|

दिन रात -मेरा मित्र दिन-रात मेहनत करता है|

आस्तिक नास्तिक - मंदिर में जाते ही आस्तिक श्रद्धालुओं का ताता लगा था, लेकिन कुछ नास्तिक ऐसे भी थे जो मंदिर के बाहर मोबाइल में ही जुटे पड़े थे|

**5 निम्नलिखित शब्दों के उचित विलोम शब्द पर सही (✓) का निशान लगाइए :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| यश - | कीर्ति | अपयश (✓) | हार |
| आदान- | आना | जाना | प्रदान (✓) |
| प्राचीन - | नवीन (✓) | पुरातन | आधुनिक |
| देव- | सुर | दानव (✓) | भूप |
| स्वाधीन- | पराधीन (✓) | आधीन | स्वतंत्र |
| मान- | अपमान (✓) | अनादर | बेइज्ज़त |
| गुण - | विशेषता | अवगुण (✓) | गुणी |
| जड़- | जीव | निर्जीव | चेतन (✓) |

## पर्यायवाची शब्द

**1 सही उत्तर वाले विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए:-**

(क) ‘युदध’ का पर्यायवाची है-

उत्तर रण

(ख) ‘वायु, पवन, समीर’ पर्यायवाची हैं-

उत्तर हवा के

(ग) ‘पहाड़’ का पर्यायवाची नहीं है-

उत्तर सरिता

**2 पर्यायवाची शब्द किसे कहते हैं?**

उत्तर अर्थ की दृष्टि से लगभग समान होने वाले शब्द पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं|

**3 निम्नलिखित शब्दों के तीन-तीन पर्यायवाची शब्द लिखिए:-**

उत्तर सुबह - प्रातः, भोर, प्रभात

फूल - पुष्प, कुसुम, सुमन

जल - नीर, अंबु, वारि
अभिलाषा- इच्छा, चाह, कामना
पेड़ - वृक्ष, तरु, पादप

4 **निम्नलिखित रिक्त स्थानों में कोष्ठक में दिए शब्द के उचित पर्यायवाची शब्द भरिए :-**

(क) नल से **पानी** टपक रहा है| (नीर)
(ख) उसकी **आँखों** से आँसू बहने लगे| (नेत्र)
(ग) उसने अपने लिए **वस्त्र** सिलवाए| (वसन)
(घ) करण, वर्मा जी का **पुत्र** है| (तनय)
(ङ) **वृक्ष** पर आम लटक रहे हैं| (तरु)

## क्रियात्मक कार्य

### अनुच्छेद लेखन

**'विजय का पर्व - दशहरा' पर 70 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए|**

दशहरा या विजयादशमी का त्योहार भारतीय संस्कृति की वीरता का पूजक, शौर्य का उपासक है| आश्विन शुक्ल दशमी को मनाया जाने वाला दशहरा हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है| इस उत्सव का संबंध नवरात्रि से भी है क्योंकि नवरात्रि के उपरांत ही यह उत्सव होता है और इसमें महिषासुर के विरोध में देवी के साहसपूर्ण कार्यों का भी उल्लेख मिलता है| दशहरा या विजयादशमी नवरात्रि के बाद दसवें दिन मनाया जाता है| इस दिन भगवान राम ने रावण का वध किया था| भगवान राम की विजय के प्रतीक स्वरूप इस दशमी को विजयादशमी के नाम से जाना जाता है| इस समय रामलीला का भी आयोजन होता है| रावण का विशाल पुतला बनाकर उसे जलाया जाता है| दशहरा या विजयादशमी भगवान राम की विजय के रूप में मनाया जाए अथवा दुर्गा पूजा के रूप में, दोनों ही रूपों में यह शक्ति-पूजा, शस्त्र-पूजा, हर्ष, उल्लास तथा विजय का पर्व है| इसी दिन लोग नया कार्य प्रारंभ करते हैं, इस दिन शस्त्र-पूजा, वाहन पूजा की जाती है| इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है|

**अभ्यास हेतु:- खेलों का महत्त्व**

## **Class - 5**

## **Term -II OCTOBER**

## **पाठ- 9**

## **बुराई के बदले भलाई**

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) उत्तीर्ण-परीक्षा में पास

(ख) श्रेष्ठ-बढ़िया,उत्तम

(ग) तबादला-बदली

(घ) करतूत -बुरे काम

**वाक्य रचना :-**

मैं कक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो गई|

मेरे पिताजी का तबादला हो गया है|

1 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) सभी विद्यार्थी रवींद्र से क्यों परेशान थे?**

उत्तर सभी विद्यार्थी रवींद्र से इसलिए परेशान थे क्योंकि दूसरों को चिढ़ाने और सताने में रवींद्र को विशेष आनंद मिलता था|

**(ख) रवींद्र की अपेक्षा पंकज कैसा लड़का था?**

उत्तर रवींद्र की अपेक्षा पंकज एक दिव्यांग लड़का था तथा वह पढ़ाई में बहुत होशियार था|

**(ग) पंकज के दुखी होने का क्या कारण था?**

उत्तर रवींद्र प्रायः पंकज को सुना-सुनाकर कहता था-"लंगड़ूदीन बजावे बीन|घड़ी में बज गए साढ़े तीन||" तथा कक्षा के बोर्ड पर लिखा देख कि-विद्यालय का सर्वोत्तम धावक-पंकज कुमार| यह सब देख-सुनकर पंकज दुखी हो उठता था|

**(घ) पंकज ने रवींद्र की जान कैसे बचाई?**

उत्तर पंकज ने रवींद्र को अस्पताल पहुँचाया, उसके लिए मंगलकामना की तथा उसके माता-पिता को भी सूचना दी|

2 **सही वाक्य पर ✓तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

(क) पंकज हर समय कोई-न-कोई शरारत करता था|(×)

(ख) दूसरों को सताने में रवींद्र को विशेष आनंद आता था|(✓)

(ग) पंकज बहुत होशियार था|(✓)

(घ) रवींद्र के माता-पिता ने पंकज को बहुत धन्यवाद दिया|(✓)

(ड) रवींद्र विद्यालय का सर्वोत्तम धावक था|(×)

**3 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो :-**

**{अपाहिज,सामान्य,विरोध,धन्यवाद}**

(क) वह पढाई में एक **सामान्य** विद्यार्थी था।

(ख) किसी में हिम्मत नहीं थी कि उसका **विरोध** कर सके।

(ग) रवींद्र के माता-पिता ने पंकज को बहुत **धन्यवाद** दिया।

(घ) वह चिंतित था कि वह उसके जैसा **अपाहिज** न हो जाए।

**4 सही उत्तर पर ✓ लगाओ :-**

(क) क्या करने में रवींद्र को विशेष आनंद आता था?

उत्तर उपर्युक्त सभी

(ख) पंकज पढाई में कैसा था?

उत्तर होशियार

(ग) रवींद्र की दुर्घटना किससे हुई?

उत्तर कार से

**भाषा की बात**

**1 नीचे लिखी पंक्तियों में संज्ञा शब्दों को रेखांकित करो :-**

**रवींद्र** के **माता-पिता** ने **पंकज** को बहुत -बहुत **धन्यवाद** दिया।आज उसी की वजह से उनका **पुत्र** मृत्यु के **मुँह** से लौट आया था। जब **रवींद्र** को पता चला कि पंकज ने ही उसे **अस्पताल** तक पहुँचाया है, तो उसकी **आँखों** से **आँसू** बह निकले।

**2 उचित कारक-चिह्नों द्वारा वाक्यों को पूरा करो :-**

**[ का, में, के लिए, पर, ने ]**

(क) पंकज **ने** रवींद्र की मदद की|

(ख) रवींद्र कक्षा पाँच **का** छात्र था|

(ग) वह रवींद्र **के लिए** चिंतित था|

(घ) अध्यापक उस **पर** गर्व करते थे|

(ड) वह पंकज के रास्ते **<u>में</u>** फुटबॉल उछाल रहा था|

**3 पाठ से छाँटकर अनुस्वार और अनुनासिक वाले शब्द लिखो :-**

| **अनुस्वार** | **अनुनासिक** |
|---|---|
| पंकज | पाँच |
| आनंद | मुँह |
| दिव्यांग | पहुँचाया |
| दंड | आँसू |

**4 दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखो :-**

| | |
|---|---|
| सामान्य - असामान्य | नवीन-प्राचीन |
| उत्तीर्ण - अनुत्तीर्ण | जन्म-मृत्यु |
| प्रसन्न- अप्रसन्न | सुखी-दुखी |

## <u>पाठ-10</u>

## <u>बादलों का घर : मेघालय</u>

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) धरोहर-अमानत

(ख) पूजनीय-पूजा के योग्य

(ग) पुराण-एक धर्म ग्रंथ

(घ) आजीविका-रोज़गार

**वाक्य रचना :-**

हमें भारतीय संस्कृति की धरोहर को सँभाल कर रखना है|

आज मैंने पूजनीय दादाजी को पत्र लिखा|

**1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) मेघालय को ‘ बादलों का घर ’ क्यों कहा गया है?**

उत्तर मौसमी हवाओं से आए बादलों को यहाँ घाटी में काफ़ी समय तक रुकना पड़ता है, इसलिए मेघालय को ‘बादलों का घर ’ कहा जाता है|

**(ख) मेघालय में किन-किन समुदायों के लोग रहते हैं?**

उत्तर मेघालय में मुख्य रूप से तीन समुदाय खासी, गारो और जयंतिया के लोग रहते हैं| इनके अतिरिक्त कुछ बंगाली, असमिया और नेपाली लोग भी रहते हैं|

**(ग) चेरापूँजी की क्या विशेषता है?**

उत्तर चेरापूँजी दुनिया में सबसे अधिक वर्षा वाला स्थान है| यहाँ वर्ष के अधिकांश महीनों में वर्षा होती रहती है तथा वर्षा के कारण यहाँ की घाटियाँ गहरी व घने जंगलों से भरी पड़ी हैं|

**(घ) मातृ सत्तात्मक समाज का क्या अर्थ है?समझाइए|**

उत्तर मातृ सत्तात्मक समाज का अर्थ है कि बेटियों के नाम पर वंश चलता है और वे ही संपत्ति की उत्तराधिकारिणी होती हैं|

**2 सही वाक्य पर ✓ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

(क) मेघालय का क्रमबद्ध इतिहास सोलहवीं शताब्दी से मिलता है| (✓)

(ख) मेघालय राज्य में बेटियों के नाम पर वंश चलता है| (✓)

(ग) मेघालय के जन-जीवन में खेलों का विशेष महत्व है| (✓)

(घ) गरबा को मेघालय का राष्ट्रीय नृत्य कहा है| (×)

**3 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो :-**

**{खेलकूद, कृषि, मेघालय, वरदान}**

(क) मेघालय मुख्य रूप से **कृषि** प्रधान राज्य है|

(ख) मेघालय को प्रकृति का अनमोल **वरदान** है|

(ग) संगीत और नृत्य तो **मेघालय** का जीवन है|

(घ) मेघालय के जन-जीवन में **खेलकूद** का विशेष महत्व है|

**4 सही उत्तर पर ✓ लगाओ :-**

(क) संसार में सबसे अधिक वर्षा कहाँ होती है?

उत्तर भोसिनराम में

(ख) मेघालय की 80 प्रतिशत आबादी किस पर निर्भर है?

उत्तर खेतीबाड़ी पर

(ग) मेघालय की राजधानी कहाँ है?

उत्तर शिलांग

**भाषा की बात**

1 **इस पाठ में कुछ जगह एक शब्द का दो बार प्रयोग हुआ है; जैसे-कहीं-कहीं,अलग-अलग आदि| ये युग्म-शब्द कहलाते हैं| युग्म का अर्थ होता है-जोड़ा| युग्म-शब्द कई प्रकार के होते हैं;जैसे**-

1 एक ही शब्द के जोड़े -अलग-अलग

2 सार्थक के साथ निरर्थक शब्द के जोड़े - देख-भाल

3 विपरीत शब्द के जोड़े - सुख-दुख

**तीनों प्रकार के तीन-तीन युग्म शब्द लिखो :-**

| | | |
|---|---|---|
| अपने-अपने | कीड़े-मकोड़े | जीत-हार |
| कहीं-कहीं | रीति-रिवाज़ | जन्म-मृत्यु |
| अलग-अलग | जन-जीवन | सुख-दुख |

2 **नीचे लिखे वाक्यों में विशेषण शब्दों को रेखांकित करो :-**

मेघालय की जलवायु **<u>आर्द्र</u>** है| वर्षा की अधिकता के कारण यहाँ की घाटियाँ **<u>गहरी</u>** व **<u>घने</u>** जंगलों से भरी पड़ी हैं| यहाँ इतने **<u>घने</u>** वन हैं कि **<u>जंगली</u>** जानवर भी उन्हें पार नहीं कर पाते| वनों में **<u>खूँखार</u>** जानवर,**<u>ज़हरीले</u>** साँप और कीड़े -मकोड़े भरे हुए हैं|

3 **नीचे मूल शब्द लिखे हैं| इनसे तीन-तीन नए शब्द बनाओ:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | लोक- लोकगीत | लोककथा | लोकनायक |
| (ख) | नाम- नामचीन | नामांकित | नामकरण |
| (ग) | उच्च - उच्चस्तरीय | उच्चारित | उच्चायुक्त |
| (घ) | धर्म- धार्मिक | धर्मनिरपेक्ष | धर्मगुरु |
| (ङ.) | आदि - आदिवासी | आदिकाल | आदिमानव |

4 **नीचे दिए वाक्यों के वचन बदलो :-**

(क) असम में अहोम राजा का शासन था|

उत्तर असम में अहोम राजाओं का शासन था|

(ख) यहाँ की घाटी जंगलों से भरी पड़ी है|

उत्तर यहाँ की घाटियाँ जंगलों से भरी पड़ी हैं|

(ग) यहाँ के लोग अतिथि का स्वागत सुपारी से करते हैं|

उत्तर यहाँ के लोग अतिथियों का स्वागत सुपारी से करते हैं|

(घ) मेघालय को प्रकृति का अनमोल वरदान मिला है|

उत्तर मेघालय को प्रकृति के अनमोल वरदान मिले हैं|

## काल

**1 सही उत्तर वाले विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए :-**

(क) क्रिया का वह रूप, जिससे उसके इसी समय में होने का पता चले, उसे कहते हैं-

उत्तर वर्तमान काल

(ख) भूतकाल उस काल को कहते हैं,जिसमें-

उत्तर क्रिया के बीते हुए समय में होने का पता चले|

(ग) काल के प्रकार होते हैं-

उत्तर तीन

**2 काल किसे कहते हैं?**

उत्तर क्रिया के जिस रूप से काम के होने के समय का बोध हो, उसे काल कहते हैं|

**3 काल के कितने भेद हैं? प्रत्येकके दो-दो उदाहरण दीजिए:-**

उत्तर काल के कुल तीन भेद हैं|

1. **भूतकाल:-**कल मुझे जाना था|, वह कल मेरे घर पर आया था|
2. **वर्तमान काल:-** लड़की लिख रही है|, वह खा रहा है|
3. **भविष्यत काल:-** वह कल आएगा|, बारिश होगी|

**4 निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त काल को पहचानकर लिखिए :-**

(क) शायद आज आँधी आए| **भविष्यत काल**

(ख) कल उसे बुखार था| **भूतकाल**

(ग) हम सोमवार को मंदिर जाएँगे| **भविष्यत काल**

(घ) पिताजी कार्य कर रहे है| **वर्तमान काल**

(ङ) मैंने अपने मित्र को पत्र लिखा था| **भूतकाल**

(च) उसने कल रात मुझे फ़ोन किया था| **भूतकाल**

**5 निम्नलिखित वाक्यों को काल के निर्देशानुसार बदलिए: -**

(क) मैं ग़जल गा रहा हूँ| (भविष्यत काल)

मैं ग़जल गाऊँगा|

(ख) कल स्कूल बंद रहेगा| (भूतकाल)
कल स्कूल बंद था|

(ग) मैंने कल मैच देखा| (वर्तमान काल)
मैं मैच देख रहा हूँ|

(घ) धोबी ने कपड़े धोए|(भविष्यत काल)
धोबी कपड़े धोएगा|

(ङ) विनय हमारे स्कूल में पढ़ता था| (वर्तमान काल)
विनय हमारे स्कूल में पढ़ता है|

**6 निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया के उपयुक्त रूप भरिए:-**

(क) आज सुबह से ही वर्षा **<u>हो रही है|</u>**(होना)

(ख) मैंने अपने मित्र को ई-मेल **<u>किया</u>**| (करना)

(ग) पापा शाम को घूमने **<u>जाएँगे</u>**|(जाना )

(घ) **तुम कल चित्र <u>बनाना\बनाओगे</u>**| (बनाया)

(ङ.) मैं अवश्य पास हो **<u>जाऊँगा</u>**| (होना)

**7 निम्नलिखित वाक्यों में क्रियाएँ छाँटिए तथा बताइए कि किस काल की हैं:-**

| | | क्रिया | काल |
|---|---|---|---|
| (क) | तुहिन पार्क में दौड़ रहा है| | दौड़ रहा है| | वर्तमान काल |
| (ख) | तेज़ हवा चल रही थी \| | चल रही थी \| | भूतकाल |
| (ग) | वे विश्राम कर रहे हैं| | कर रहे हैं| | वर्तमान काल |
| (घ) | माताजी मंदिर जाएँगी| | जाएँगी| | भविष्यत काल |

## <u>क्रियाविशेषण</u>

**1 सही उत्तर वाले विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए:-**

(क) क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द कहलाते हैं-
उत्तर क्रियाविशेषण

(ख) क्रिया के होने का समय प्रकट करते हैं-
उत्तर कालवाचक क्रियाविशेषण

(ग) वह <u>ध्यानपूर्वक</u> पढ़ता है| वाक्य में रेखांकित पद है-
उत्तर रीतिवाचक क्रियाविशेषण

**2 क्रियाविशेषण किसे कहते हैं? उदहारण सहित लिखिए:-**

उत्तर क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द क्रियाविशेषण कहलाते हैं| उदाहरण - मैं बाज़ार से अभी आई हूँ|

**3 क्रियाविशेषण क्रिया की कौन-सी विशेषता प्रकट करते हैं?**

उत्तर क्रिया के कैसे, कितना, कब और कहाँ होने का बोध कराने वाले शब्द क्रिया की विशेषता प्रकट करते हैं|

**4 दिए गए वाक्यों में क्रियाविशेषण शब्द छाँटिए :-**

| | | क्रियाविशेषण |
|---|---|---|
| (क) | सज्जन कम बोलते हैं| | कम |
| (ख) | हिरन तेज़ दौड़ता है| | तेज़ |
| (ग) | बच्चे नीचे बैठे हैं| | नीचे |
| (घ) | माँ मुंबई से आज आई हैं| | आज |
| (ङ) | शेर ज़ोर से दहाड़ा| | ज़ोर |
| (च) | बच्चों,ध्यानपूर्वक सुनो| | ध्यानपूर्वक |
| (छ) | मैं तुम्हारे घर कल आऊँगा| | कल |
| (ज) | वह अचानक आ गया| | अचानक |
| (झ) | वह खूब खाँसता है| | खूब |
| (ञ) | राहुल बाहर खेल रहा है| | बाहर |

**5 निम्नलिखित क्रियाविशेषण शब्दों से वाक्य बनाइए :-**

आज- मैं आज बाहर गया था|

खूब- आज उसने खूब काम किया|

सामने- वह दुकान के सामने खड़ी है|

रोज़ाना-वह सामान रोज़ाना खरीदता है|

अंदर- घर के अंदर आ जाओ|

जल्दी-जल्दी- अपना काम जल्दी-जल्दी खत्म कर लो|

**6 निम्नलिखित वाक्यों में उचित क्रियाविशेषण शब्द भरिए :-**

(क) घोड़ा **तेज़** दौड़ता है|

(ख) कछुआ **धीरे** चलता है|

(ग) राधा **<u>मधुर</u>** गाती है|

(घ) तेजस्विनी **<u>रोज़ाना</u>** लिखती है|

(ड) दिव्या **<u>नित्य</u>** पढ़ती है|

(च) मेरा घर **<u>सामने</u>** है|

(छ) भोजन को **<u>धीरे-धीरे</u>** खाना चाहिए|

(ज) कृपया **<u>अंदर</u>** चलकर बैठिए|

(झ) पिताजी मुंबई से **<u>कल</u>** आएँगे|

(ञ) मालती **<u>कम</u>** खाती है|

## <u>क्रियात्मक कार्य</u>

**अपने विद्यालय के मुख्य अध्यापक को पाँच दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए|**

बी -33, गायत्री होम्स,
बोडकदेव,
अहमदाबाद, गुजरात|

सेवा में
श्रीमान मुख्य अध्यापक जी
दिल्ली पब्लिक स्कूल गांधीनगर
गांधीनगर,गुजरात|

दिनांक: 20अक्टूबर 2021

विषय: अवकाश हेतु प्रार्थना-पत्र|

माननीय महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं आपके विद्यालय की कक्षा पाँच 'जी' की छात्रा हूँ| मैं और मेरा परिवार 27 अक्टूबर 2020 को जयपुर भ्रमण के लिए जा रहे हैं, इसलिए मैं 22 अक्टूबर 2021 से 26 अक्टूबर 2021 तक विद्यालय में उपस्थित नहीं हो सकूँगी| अतः आपसे अनुरोध है कि मुझे पाँच दिन का अवकाश प्रदान करने की कृपा करें|

मैं आपकी अत्यंत आभारी रहूँगी|

धन्यवाद

आपकी आज्ञाकारिणी शिष्या

सीमा मेहता

कक्षा: पाँच 'जी'

**अभ्यास हेतु:- अपने विद्यालय के मुख्य अध्यापक को दो दिन के अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए|**

## अपठित काव्यांश / पद्यांश

**निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

श्रम पर जीने वाली मक्खी,
श्रम पर ही जी लेती है|
हमें धुएँ के भी बदले वह
मीठा मधु ही देती है|
तुम भी सीखो मधुमक्खी से,
अपने श्रम पर ही जीना|
श्रम के सुंदर फल का श्रम से,
मीठा-मीठा रस पीना|

**प्रश्न 1 श्रम पर जीने वाली मक्खी किस पर जी लेती है?**

उत्तर श्रम पर जीने वाली मक्खी श्रम पर ही जी लेती है|

**प्रश्न 2 मक्खी धुएँ के बदले क्या देती है?**

उत्तर मक्खी धुएँ के बदले मीठा मधु देती है|

**प्रश्न 3 अपने श्रम पर ही जीना कौन सिखाता है?**

उत्तर अपने श्रम पर ही जीना मधुमक्खी सिखाती है|

**प्रश्न 4 किसका मीठा-मीठा रस पीने के लिए कहा गया?**

उत्तर श्रम के सुंदर फल का श्रम से मीठा-मीठा रस पीने के लिए कहा गया|

**प्रश्न 5 'श्रम' से दो अन्य शब्द बनाइए|**

उत्तर श्रम-आश्रम, परिश्रम

**प्रश्न 6 पद्यांश में से दो सर्वनाम शब्द खोज कर लिखिए|**

उत्तर सर्वनाम शब्द - वह, हमें |

**Class - 5**

**Term - 1** **August**

**पाठ - 6**

**सोने जैसे दिन हैं इसके**



**मेरा भारत**

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) सिंधु - सागर

(ख) पात - पत्ता

(ग) अनुपम - अनोखी

(घ) मात - पराजय

**वाक्य रचना :-**

नील सिंधु में ऊँची-ऊँची लहरें उठ रही हैं|

प्रकृति की अनुपम छटा मन को प्रसन्न कर देती है|

1 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) हिमालय को किसकी संज्ञा (नाम) दी गई है?**

उत्तर हिमालय को भारत का मुकुट कहा गया है|

**(ख) भारत के चरणों को कौन धोता है?**

उत्तर भारत के चरणों को नीला समुद्र धोता है|

**(ग) भारत एक बगीचे के समान कैसे है?**

उत्तर जैसे बगीचे में अनेक प्रकार के फूल खिलकर उसकी सुन्दरता बढ़ाते हैं वैसे ही भारत का विभिन्न भौगोलिक सौन्दर्य इसकी अनुपम छटा को बढ़ाता है इसलिए भारत को बगीचे के समान कहा गया है|

**(घ) भारत के लोग किस प्रकार रहते हैं?**

उत्तर भारत में विभिन्न धर्मों व जाति के लोग आपस में मिलजुल कर प्यार से रहते हैं|

**2** कविता की पंक्तियाँ पूरी करो- विद्यार्थी स्वयं करेंगे|

**3 सही वाक्य पर ✓ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

(क) चमचमाती नदियाँ भारत की मालाएँ हैं| (✓)

(ख) भारत की सुंदरता अनुपम है| (✓)

(ग) भारत में विभिन्न प्रकार के लोग रहते हैं| (✓)

(घ) हमारा देश भारत सिन्धु के समान है| **(×)**

**4 सही उत्तर पर ✓ लगाओ -**

(क) भारत के दिन -रात कैसे हैं?

उत्तर सोने और चाँदी जैसे

(ख) भारत में कौन-से फूल खिलते हैं?

उत्तर प्यार

(ग) भारत का मुकुट किसे कहा गया है?

उत्तर ऊँचे हिमालय को

**भाषा की बात**

**1 समान अर्थ वाले शब्दों का मिलान करो :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | तरंगिणी | सरिता | नदी |
| (ख) | अनुपम | अनोखा | अद्भुत |
| (ग) | स्नेह | प्रेम | प्यार |
| (घ) | सागर | सिंधु | समुद्र |

**2 निम्नलिखित का शुद्ध रूप लिखो :-**

**मूँह** - मुँह **फुल** - फूल

**बगिचा** - बगीचा **मुकूट** - मुकुट

**मोसम** - मौसम **नदीयों** - नदियों

3 **मुहावरों को इनके अर्थ से जोड़ो :-**

(क) आँखों का तारा - बहुत प्यारा

(ख) खरी-खोटी सुनाना - बुरा-भला कहना

(ग) **टेढ़ी खीर - बहुत कठिन काम**

(घ) पत्थर की लकीर - पक्की बात

(ड) श्री गणेश करना - काम आरंभ करना

4 निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए वाक्य बनाओ :-

**ऊँचा- हिमालय भारत का ऊँचा पर्वत है|**

पग- पग धोकर अंदर आ जाओ|

मौसम- आज मौसम बहुत सुहावना है|

## <u>पाठ - 8</u>

## कोयल



shutterstock.com · 1520365670

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) समाँ - दृश्य, नज़ारा

(ख) कोमल - मुलायम

(ग) निराला - अजीब

(घ) मनोहर - सुंदर

**वाक्य रचना :-**

सुबह का समाँ मनोहर होता है|
जोकर का रंग-ढंग ही निराला होता है|

1 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) कवि ने कोयल की क्या पहचान बताई है?**

उत्तर कोयल दिखने में काली होती है| पत्तों के पीछे छिपकर, डाली पर बैठकर पंचम सुर में गाना गाती है|

**(ख) कोयल कब मतवाली होकर झूमने लगती है?**

उत्तर जब चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिल जाते हैं| जिनकी खुशबू से खुशबूदार हवा बहने लगती है जिससे सभी दिशाएँ महकने लगती हैं| तब कोयल मतवाली होकर झूमने लगती है|

**(ग) कैसा समाँ मन को लुभाने वाला होता है?**

उत्तर सूरज के गरमाते ही सर्दी कम हो जाती है तब समाँ निराला हो जाता है और मन को लुभाने लगता है|

**(घ) वृक्षों की शोभा कब बढ़ जाती है?**

उत्तर **वृक्षों की शोभा बसंत ऋतु में नए पत्तों के आने पर तथा नई कोमल कलियों के खिलने पर बढ़ जाती है|**

2 **कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए :-**

विद्यार्थी स्वयं करेंगे

3 **सही वाक्य पर ✓ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

(क) कोयल गाती हुई डाली-डाली फिरती है| (✓)
(ख) कोयल पीहू-पीहू का शब्द करती है| (×)
(ग) जाड़ा कम होने पर मौसम थोड़ा अच्छा हो जाता है| (✓)
(घ) सभी पक्षी अपनी ही धुन में ऐंठे रहते हैं| (×)
(ड) वसंत ऋतु में दिशाएँ महकने लगती हैं| (✓)

4 **सही उत्तर पर ✓ लगाओ -**

(क) हरे पत्तों में कौन छिपी बैठी है?

उत्तर कोयल

(ख) पेड़ किससे लद जाते हैं?

उत्तर फलों से, फलियों से, कलियों से

(ग) पंचम सुर में कौन गाता है?

उत्तर कोयल

**भाषा की बात**

**1 निम्नलिखित वाक्यों में आए कारकों को रेखांकित करो :-**

(क) कोयल पंचम <u>सुर में</u> गा रही है|

(ख) <u>कोयल ने</u> मीठी <u>वाणी से</u> सबका मन मोह लिया|

(ग) <u>बाग़ में</u> भाँति-भाँति के फूल खिले हैं|

(घ) <u>पेड़ पर</u> कोयल बैठी है|

**2 नीचे दिए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो -**

सूरज - सूरज आसमान में चमक रहा है|


निराला - बसंत ऋतु में समाँ निराला हो जाता है|


मनोहर - बगीचे का दृश्य मनोहर है|

दिशा - सभी दिशाएँ खुशबू से महकने लगती हैं|

सुर - कोयल पंचम सुर में गाती है|

**3 नए शब्द बनाओ -**




## <u>सर्वनाम(व्याकरण)</u>

**1 सही उत्तर वाले विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए -**

(क) कुछ, कोई शब्द उदाहरण हैं -

उत्तर अनिश्चयवाचक सर्वनाम के

(ख) 'सर्वनाम' में सर्व का अर्थ है -

उत्तर सबका

(ग) सर्वनाम के भेद हैं -

उत्तर छह

**2 सर्वनाम किसे कहते हैं?**

उत्तर संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं|

**3 सर्वनाम के कितने भेद हैं? उनके नाम लिखिए -**

उत्तर सर्वनाम के कुल छह भेद हैं :

पुरुषवाचक सर्वनाम 2. निश्चयवाचक सर्वनाम 3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम 4. संबंधवाचक सर्वनाम 5. प्रश्नवाचक सर्वनाम 6. निजवाचक सर्वनाम

**4 निम्नलिखित सर्वनामों का प्रयोग करते हुए एक-एक वाक्य लिखिए -**

वह - वह मेरा छोटा भाई है|

तुम - तुम यहाँ से चले जाओ|

मैं - मैं आज दिल्ली जा रहा हूँ|

यह - यह तो मेरी पुस्तक है|

**5 निम्नलिखित वाक्यों में आए सर्वनाम शब्दों को छांटिए तथा लिखिए कि वे किन संज्ञाओं के लिए प्रयुक्त किए गए हैं -**

1.

| | | **संज्ञा** | **सर्वनाम** |
|---|---|---|---|
| (क) | रामू बाज़ार गया और उसने वहाँ केले खरीदे| | रामू, बाज़ार | उसने, वहाँ |
| (ख) | रेशमा ने कहा कि वह खाना नहीं खाएगी| | रेशमा | वह |
| (ग) | प्रीति ने कहा, "मेरी किताब मत लो|" | प्रीति | मेरी |
| (घ) | कविता स्कूल नहीं आई| उसकी तबीयत ख़राब है| | कविता | उसकी |
| (ङ) | प्रिया ने कहा कि वह अपने-आप घर चली जाएगी| | प्रिया | वह, अपने-आप |

**6 कोष्ठक में दिए गए सर्वनामों के सही रूप से वाक्य पूरे कीजिए -**

(क) **मुझे** भूख लगी है| (मैं)

(ख) क्या, यह किताब **तुम्हारी** है? (तुम)

(ग) क्या, तुमने खाना बनाने के लिए **किसी को** बुलाया? (कोई)

(घ) क्या, **आप ने** मुझे बुलाया? (आप)

(ङ) यह **हमारी** स्कूल है| (हम)

**7 निम्नलिखित वाक्यों में आए सर्वनाम शब्दों के भेद लिखिए -**

**omit**

8 **निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनामों के प्रयोग में अशुद्धियाँ हो गई हैं, उन्हें शुद्ध करके लिखिए _**

(क) मैंने आज विद्यालय नहीं जाना|
मुझे आज विद्यालय नहीं जाना|

(ख) मैं मेरा काम कर रहा हूँ|
मैं अपना काम कर रहा हूँ|

(ग) यह अच्छे व्यक्ति हैं|
ये अच्छे व्यक्ति हैं|

(घ) वह ने खाना नहीं खाया है|
उस ने खाना नहीं खाया है|

(ड) गुरु जी, तुम खाना खा लो|
गुरु जी, आप खाना खा लो|



## विशेषण

1 **सही उत्तर वाले विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए**

(क) 'साहसी सैनिक' में विशेष्य है -
उत्तर सैनिक

(ख) विशेषण कहलाते हैं -
उत्तर संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द

(ग) 'लड़ना' शब्द का विशेषण है -
उत्तर लड़ाकू

(घ) जो संज्ञा या सर्वनाम के गुण-दोष, रंग-रूप के बारे में बताते हैं, वे कहलाते हैं -
उत्तर गुणवाचक विशेषण

2 **विशेषण किसे कहते हैं?**

उत्तर संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं|

3 **विशेष्य किसे कहते हैं? उदाहरण सहित उत्तर दीजिए -**

उत्तर जिन शब्दों की विशेषता बताई जाती है, वे विशेष्य कहलाते हैं| उदाहरण -लालची

आदमी, दो लीटर दूध, सुंदर फूल

4 **निम्नलिखित वाक्यों में से विशेषण और विशेष्य छाँटकर लिखिए :-**

| | | विशेषण | विशेष्य |
|---|---|---|---|
| (क) | काली बिल्ली रास्ता काट गई\| | काली | बिल्ली |
| (ख) | आलसी क्लर्क सो रहा है\| | आलसी | क्लर्क |
| (ग) | मूर्ख व्यक्ति से मित्रता हानिकारक होती है\| | मूर्ख | व्यक्ति |
| (घ) | एक किलो अंगूर लाना\| | एक किलो | अंगूर |
| (ड) | पवित्र नदी का आदर करो\| | पवित्र | नदी |
| (च) | रानी लक्ष्मीबाई वीरांगना थीं\| | वीरांगना | रानी लक्ष्मीबाई |

5 **निम्नलिखित शब्दों से विशेष्य बनाइए :-**

| | | |
|---|---|---|
| भारत - भारतीय | भूख - भूखा | नमक - नमकीन |
| सच - सच्चा | नगर - नगरीय | भीतर - भीतरी |
| प्यार - प्यारा | लिख - लिखित | पाप - पापी |
| ज्ञान - ज्ञानी | वर्ष - वार्षिक | रंग - रंगीन |
| देश - देशी | शहर - शहरी | वह - वैसा |

## क्रिया

1 **सही उत्तर वाले विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए -**

(क) 'शेर दहाड़ रहा है' वाक्य में क्रियापद है -

उत्तर दहाड़ रहा है

(ख) जो क्रिया दो कर्म रखती है, उसे कहते हैं -

उत्तर द्विकर्मक क्रिया

(ग) अकर्मक क्रिया वाला वाक्य है -

उत्तर रोहन रो रहा है|

2 **क्रिया किसे कहते हैं?**

उत्तर जिन शब्दों से किसी कार्य के करने या होने का बोध हो, वे क्रिया कहलाते हैं|

3 **कर्म के आधार पर क्रिया के कितने भेद हैं? उनके नाम लिखिए -**

उत्तर कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद हैं :

सकर्मक 2. अकर्मक

4 **निम्नलिखित वाक्यों में प्रयोग की गई क्रियाओं को पहचानकर लिखें तथा बताएं कि वे सकर्मक हैं अथवा अकर्मक :-**

| | वाक्य | क्रिया | सकर्मक / अकर्मक |
|---|---|---|---|
| (क) | पिताजी भीतर बैठे हैं\| | बैठे हैं | अकर्मक |
| (ख) | रोमा गृहकार्य कर रही है\| | गृहकार्य कर रही है | सकर्मक |
| (ग) | शिल्पी सो रही है\| | सो रही है | अकर्मक |
| (घ) | माँ पूजा कर रही हैं\| | पूजा कर रही हैं | सकर्मक |
| (ड) | मुझे एक पुस्तक चाहिए\| | चाहिए | सकर्मक |
| (च) | 1. रमन कहानी पढ़ रहा है\| | पढ़ रहा है | सकर्मक |
| (छ) | घोड़ा दौड़ रहा है\| | दौड़ रहा है | अकर्मक |
| (ज) | वे सो रहे हैं\| | सो रहे हैं | अकर्मक |

**5 निम्नलिखित वाक्यों में उचित क्रिया का प्रयोग कीजिए :-**

(क) माली ने पौधों को पानी <u>दिया</u>|

(ख) अध्यापक ने पाठ <u>समझाया</u>|

(ग) धोनी ने शानदार छक्का <u>मारा</u>|

(घ) मेरे मित्र ने मुझे फ़ोन <u>किया</u>|

(ड) वह मेरे लिए उपहार <u>लाई</u>|

(च) हम मैच जीत <u>गए</u>|

**6 दिए गए क्रिया शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :-**

गाता है - वह हमेशा मधुर आवाज़ में गाता है|

उठ गया - आज मैं जल्दी उठ गया|

चला गया - राघव आज घर जल्दी चला गया|

खरीद लिया - हमने नया घर खरीद लिया|

तोड़ते हैं - पेड़ से हम पके फल ही तोड़ते हैं|

**7 निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए :-**

(क) सुकृति <u>खेल रही है</u>|

(ख) प्रतिमा झूला <u>झूल रही है</u>|

(ग) चिड़ियाँ <u>उड़ रही हैं</u>|

(घ) पानी <u>बह रहा है</u>|

(ड) नौकरानी <u>झाड़ू लगा रही है</u>|

(च) पिताजी ने लैपटॉप <u>खरीदा है</u>|

**8 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए :-**

(क) मैंने खाना खाऊंगा|

मैंने खाना खा लिया है|

(ख) मैं स्कूल जाता है|
मैं स्कूल जाता हूँ|

(ग) माँ बच्चे को प्यार करता है|
माँ बच्चे को प्यार करती है|

(घ) बंदर पेड़ पर झूल रही है|
बंदर पेड़ पर झूल रहा है|

(ड) हम लंच कर लिए हैं|
हम लंच कर चुके हैं|

## क्रियात्मक कार्य

### चित्र वर्णन

**नीचे दिए चित्र का वर्णन 60-70 शब्दों के अनुच्छेद में कीजिए|**




यह चित्र एक कक्षा का है| गर्मी की छुट्टियों के बाद विद्यालय खुले हैं| बच्चे काफ़ी दिनों के बाद अपने मित्रों से मिलकर बड़े खुश हैं| कक्षा में घड़ी लगी हुई है| मेज़ पर ग्लोब व पुस्तक रखी हुई है| बोर्ड पर कुछ भी लिखा हुआ नहीं है| कुछ पुस्तकें अलमारी के अंदर व कुछ उसके ऊपर रखी हुई हैं| अध्यापिका कक्षा में नहीं हैं इसलिए बच्चे मौज़-मस्ती कर रहे हैं| कुछ बच्चे गुब्बारे से खेल रहे हैं तो कुछ अपनी पुस्तिका से कागज़ फाड़कर उसके हवाई-जहाज़ बनाकर उड़ा रहे हैं| किसी भी बच्चे का पढ़ने का मूड नहीं है| सभी बच्चों ने रंग-बिरंगे कपड़े पहने हुए हैं| सभी बच्चे विद्यालय से घर जाने की घंटी बजने का इंतज़ार कर रहे हैं| सही में, बच्चों की दुनिया ही निराली होती है|

## अपठित काव्यांश / पद्यांश

**निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

गांधी, तिलक, सुभाष, जवाहर का प्यारा यह देश है।
जियो और जीने दो का सबको देता संदेश है।।
प्रहरी बनकर खड़ा हिमालय जिसके उत्तर द्वार पर।
हिंद महासागर दक्षिण में इसके लिए विशेष है।।

लगी गूँजने दसों दिशाएँ वीरों के यशगान से।
हमें मिली आज़ादी वीर शहीदों के बलिदान से।।

सजीवन मयंक

**प्रश्न 1 यह प्यारा देश किसका है?**

उत्तर यह प्यारा देश गांधी, तिलक, सुभाष, जवाहर का है|

**प्रश्न 2 यह हमें क्या संदेश देता है?**

उत्तर जियो और जीने दो का, यह हमें संदेश देता है|

**प्रश्न 3 हमारे देश के उत्तर द्वार पर प्रहरी बनकर कौन खड़ा है?**

उत्तर हमारे देश के उत्तर द्वार पर प्रहरी बनकर हिमालय खड़ा है|

**प्रश्न 4 दसों दिशाएँ कैसे गूँजने लगीं?**

उत्तर दसों दिशाएँ वीरों के यशगान से गूँजने लगीं|

**प्रश्न 5 हमें आज़ादी कैसे मिली?**

उत्तर हमें आज़ादी वीर शहीदों के बलिदान से मिली|

**प्रश्न 6 इस कविता के कवि का नाम लिखिए|**

उत्तर सजीवन मयंक

**Class - 5**

**Term - 1 July**

## पाठ-4

## महानता की पहचान

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) आश्वासन - दिलासा

(ख) मौका - अवसर

(ग) अनवरत - लगातार

(घ) तत्काल - उसी समय

**वाक्य रचना :-**

दुःख के समय राहुल ने ही राघव को मदद का आश्वासन दिया था|

उसने मुझे भी मंच पर बोलने का मौका दिया|

1 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) राजा सौमिक सेन क्या पता लगाना चाहते थे?**

उत्तर राजा सौमिक सेन बंग प्रदेश के बल्लभपुर नामक नगर के सबसे महान व्यक्ति का पता लगाना चाहते थे|

**(ख) बालकृष्ण ने सौरभ के सामने क्या शर्त रखी?**

उत्तर बालकृष्ण ने कहा- "मैं एक-से-एक महान व्यक्तियों से मुलाकात करवा सकता हूँ, पर प्रत्येक व्यक्ति की मुलाकात पर एक सोने का सिक्का लूँगा|"

**(ग) सौरभ को किस बात की चिंता हुई?**

उत्तर महान व्यक्तियों के नगर में, उनका परिचय कराने पर बालकृष्ण द्वारा एक व्यक्ति के पीछे एक सोने का सिक्का वसूलने वाले जैसे लोगों के होने की बात पर सौरभ को चिंता हुई|

**(घ) बालकृष्ण किसलिए सोने के सिक्के जमा कर रहा था?**

उत्तर एक सन्यासी द्वारा शापित लोगों की मदद के लिए बालकृष्ण सोने के सिक्के जमा कर रहा था ताकि वे लोग शाप से मुक्त होकर सुखमय जीवन व्यतीत कर सकें|

2 **सही वाक्य पर ✓ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

(क) राजा सौमिक सेन अपना वेश बदलकर बल्लभपुर पहुँचे| (✓)

(ख) बालकृष्ण ने राजा को आश्वासन दिया| (×)

(ग) सौरभ ने प्रत्येक व्यक्ति की मुलाकात पर सोने का सिक्का लिया| (×)

(घ) सन्यासी ने गाँववालों को वर दिया कि उनका जीवन सुखमय हो जाए| (×)

(ड) सौरभ का उत्तर सुनकर राजा बहुत खुश हुआ| (✓)

**3 पंक्तियों का भाव लिखो :-**

**Omit**

**4 सही उत्तर पर ✓ लगाओ -**

(क) नगर की सीमा पर सौरभ की मुलाकात किससे हुई?

उत्तर बालकृष्ण

(ख) बालकृष्ण ने कितने सोने के सिक्के प्राप्त किए?

उत्तर पचास

(ग) राजा ने दरबार में किसका सम्मान किया?

उत्तर बालकृष्ण का

(घ) बालकृष्ण ने अपनी कमाई के द्वारा कितने लोगों को सुखी बनाया?

उत्तर पाँच

**भाषा की बात**

**1 गद्यांश में से सर्वनाम शब्दों को रंगीन पेंसिल से रंगो :-**

हम, उन्हें, वे, हमें, उनके, अपने, जैसे, जिनमें आदि|

**2 निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलो :-**

| **पुल्लिंग** | **स्त्रीलिंग** |
|---|---|
| विद्वान | विदुषी |
| सन्यासी | सन्यासिन |
| भाग्यवान | भाग्यवती |
| आज्ञाकारी | आज्ञाकारिणी |
| नायक | नायिका |
| लेखक | लेखिका |

3 **निम्नलिखित शब्दों के विशेषण लिखो :-**

(क) **महान** व्यक्ति (ख) **निकृष्ट जीवन**

(घ) भावुक शब्द (घ) मेरा विचार

(ङ) **महान कार्य** (च) अनवरत श्रम

## पाठ-5

## हवा और आग

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) हताश - निराश

(ख) वृतांत - घटना वर्णन

(ग) आश्चर्य - हैरानी

(घ) आग्रह - निवेदन

**वाक्य रचना :-**

जीवन में कभी हताश मत होना|

उसने मुझे घर आने का आग्रह किया|

1 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) अकबर ने दरबारी चापलूसों को क्या-क्या काम सौंपे?**

उत्तर अकबर ने दरबारी चापलूसों में से एक दरबारी को कागज़ में हवा को बाँध कर लाने तथा दूसरे दरबारी को आग कागज़ में भरकर लाने का काम सौंपा|

**(ख) बीरबल ने दोनों दरबारियों को क्या सलाह दी?**

उत्तर बीरबल ने दोनों दरबारियों को एक-एक डिब्बा दिया और कहा ये डिब्बे राजा को भेंट में देना और कहना कि जो काम आपने हमें सौंपे थे, वे हम करके लाए हैं|

**(ग) डिब्बे से कौन-कौन सी चीज़ें निकलीं?**

उत्तर पहले डिब्बे में से कागज़ का पंखा निकला और दूसरे में से कागज़ की एक लालटेन, मोमबत्ती और दियासलाई निकलीं|

**(घ) दरबारियों ने हताश होकर अंत में क्या किया?**

उत्तर अंत में हताश होकर दरबारी बीरबल के पास गए और उसके पैरों में गिर पड़े|

2 **सही वाक्य पर ✓ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

(क) अकबर को चापलूसी बहुत पसंद थी| **(×)**

(ख) अकबर ने चापलूसों को सबक सिखाने का निश्चय किया| **(✓)**

(ग) सम्राट अकबर ने दोनों दरबारियों को एक-एक डिब्बा दिया| **(×)**

(घ) दूसरे डिब्बे में कागज़ का एक पंखा निकला| **(×)**

(ड) बादशाह अकबर बीरबल से खुश रहते थे| (✓)

**3 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो :-**

{ बीरबल, ख़ुशी-ख़ुशी, विचित्र, डाँटकर, जान-बूझकर }

(क) बादशाह ने दो **<u>विचित्र</u>** कार्य बताए|

(ख) हमने **<u>जान-बूझकर</u>** ये मुसीबत मोल ले ली|

(ग) दोनों दरबारी **<u>ख़ुशी-ख़ुशी</u>** घर लौट आए|

(घ) बादशाह समझ गए कि यह **<u>बीरबल</u>** का काम है|

(ड) अकबर ने दरबारियों को **<u>डाँटकर</u>** विदा कर दिया|

**4 सही उत्तर पर ✓ लगाओ -**

(क) अकबर को कौन-सा कार्य बिलकुल पसंद नहीं था?

उत्तर चापलूसी

(ख) दूसरे डिब्बे में कौन-सी चीज़ निकली?

उत्तर कागज़ की लालटेन, मोमबत्ती, दियासलाई

(ग) दरबारियों को किसने सलाह दी?

उत्तर बीरबल ने

**भाषा की बात**

**1 पाठ में से क्रिया शब्दों को चुनकर लिखिए :-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कहा | सुनकर | सोचना | मुसकराए |
| आए | गिर पड़े | निकला | बताना |

**2 नीचे दिए अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो :-**

(क) प्रतिदिन होने वाला - दैनिक

(ख) जो सब कुछ जानता हो - सर्वज्ञ

(ग) जो मांस खाता हो - मांसाहारी

(घ) जो पढ़ना-लिखना जानता हो - साक्षर

(ड) चित्र बनाने की कला - चित्रकला

3 **पढ़कर समझो और फिर लिखो :-**

गुणहीन - गुण से हीन राजसभा - राजा की सभा

सुख-दुख - सुख और दुख    विचारमग्न - विचार में मग्न

**अभ्यास :-**

घुड़दौड़ - घोड़ों की दौड़

पाप-पुण्य - पाप और पुण्य

देशवासी - देश का वासी

वेद-पुराण - वेद और पुराण

भारतरत्न - भारत का रत्न

## व्याकरण-संज्ञा के विकारक तत्व

### <u>वचन</u>

संज्ञा या सर्वनाम की संख्या बताने वाले शब्द रूप ही वचन कहलाते हैं|

**1 सही उत्तर वाले विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए**

(क) संज्ञा या सर्वनाम की संख्या का बोध कराने वाले शब्द रूप को _______ कहते हैं-

उत्तर वचन

(ख) वचन के भेद हैं-

उत्तर दो

(ग) बल्ला शब्द का बहुवचन होगा-

उत्तर बल्ले

(घ) दवाई शब्द का बहुवचन है-

उत्तर दवाइयाँ

(ङ) संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से किसी व्यक्ति या वस्तु के एक से अधिक होने का बोध होता है, उसे कहते हैं-

उत्तर बहुवचन

**2 वचन किसे कहते हैं?**

उत्तर संज्ञा या सर्वनाम की संख्या बताने वाले शब्द रूप ही वचन कहलाते हैं|

**3 एकवचन और बहुवचन में उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट कीजिए -**

उत्तर एकवचन- संज्ञा या सर्वनाम के इस रूप से व्यक्ति या वस्तु के एक होने का बोध होता है| जैसे- कपड़ा सूख रहा है|

बहुवचन- संज्ञा या सर्वनाम के इस रूप से व्यक्ति या वस्तु के एक से अधिक होने का बोध होता है| जैसे- कपड़े सूख रहे हैं|

**4 निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए -**

| | |
|---|---|
| टोली –टोलियाँ | बुढ़िया - बुढ़ियाँ |
| बहू - बहुएँ | ताली - तालियाँ |
| चाबी - चाबियाँ | कविता - कविताएँ |

**5 निम्नलिखित शब्दों के एकवचन रूप लिखिए -**

| | |
|---|---|
| नदियाँ - नदी | महिलाएँ - महिला |
| डालियाँ - डाली | लताएँ - लता |
| दवाइयाँ - दवाई | तबले - तबला |

**6 कोष्ठक में लिखे शब्दों के उचित रूप से रिक्त स्थान भरिए -**

(क) क्यारी में अनेक **<u>पौधे</u>** उगे हुए थे| (पौधा)

(ख) **<u>वे</u>** वहाँ आते ही होंगे| (वह)

(ग) **<u>बूँदें</u>** टपक रही हैं| (बूँद)

(घ) इस सड़क में बहुत **<u>गड्ढे</u>** हैं| (गड्ढा)

**7 निम्नलिखित वाक्यों को बहुवचन में बदलकर लिखिए -**

(क) अलमारी में कपड़ा रख दो|
अलमारियों में कपड़े रख दो|

(ख) छात्र ने तस्वीर बनाई|
छात्रों ने तस्वीरें बनाई|

(ग) बहन राखी बाँध रही है|
बहनें राखियाँ बाँध रही हैं|

(घ) यह संतरा मीठा है|
ये संतरे मीठे हैं|

## <u>कारक</u>

**1 सही उत्तर वाले विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए**

(क) कारक की विभक्तियों का अन्य नाम है-
उत्तर परसर्ग

(ख) ‘का’, ‘की’, ‘के’ विभक्ति-चिह्न हैं-
उत्तर संबंध कारक के

(ग) कारक के भेद हैं-

उत्तर आठ

(घ) 'अधिकरण कारक' के परसर्ग हैं-

उत्तर में, पर

2 **कारक किसे कहते हैं?**

उत्तर संज्ञा या सर्वनाम पदों का क्रिया के साथ सम्बन्ध बताने वाले शब्दों को कारक कहते हैं|

3 **कारक के कितने भेद हैं? उनके नाम लिखिए|**

उत्तर कारक के मुख्य आठ भेद हैं- कर्ता, कर्म, करण, संप्रदान, अपादान, संबंध, अधिकरण, संबोधन|

4 **निम्नलिखित वाक्यों में उचित कारक चिह्न लगाकर वाक्य पूरे कीजिए :-**

(क) सुलेखा ने चाकू से फल काटा|

(ख) वह पेंसिल से चित्र बना रही है|

(ग) यह पुस्तक मेरे भाई की है|

(घ) पिताजी कमरे में हैं|

(ड) कार की चाबी मेज़ पर रखी है|

(च) मेहमान को पानी पिलाओ|

(छ) अध्यापक ने छात्रों के लिए समय निकाला|

5 **निम्नलिखित परसर्गों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए :-**

में- बगीचे में फूल खिले हैं|

पर- मेज़ पर पुस्तक रखी है|

को- मेरे भाई को बुलाओ|

के लिए- माँ बेटे के लिए उपहार लाई है|

से- चाकू से सेब काटो|

ने- राम ने सीता को बुलाया|

की- मेरे मित्र की घड़ी खो गई|

अरे!- अरे! ये क्या कर रहे हो?

री- मेरी माँ बुला रही है|

6 **निम्नलिखित कहानी में उचित कारक चिह्न लगाइए :-**

एक बार एक बूढ़ा किसान बहुत बीमार हो गया| उस के चार पुत्र थे, जो सदा आपस में लड़ते रहते थे| इसलिए उसे उन की बहुत चिंता रहती थी| उस ने अनेक बार उन्हें मिलकर प्यार से रहने को कहा, पर वे उस की बात पर ध्यान न देते| अंत में उसे

एक युक्ति सूझी| उस ने उन्हें बुलाया| उस की खाट के नीचे लकड़ियों का एक बड़ा गट्ठर पड़ा था| उस ने उन्हें वह गट्ठर तोड़ने के लिए कहा| सबने बारी-बारी से उसे तोड़ने की कोशिश की, पर तोड़ न सके| तब बूढ़े किसान ने गट्ठर खोल देने के लिए कहा, ऐसा करने पर उसने उन सब को एक के बाद एक लकड़ी तोड़ने के लिए कहा तो सब ने अकेली लकड़ी को आसानी से तोड़ दिया| तब उस बूढ़े ने उन्हें समझाया-“यदि तुम परस्पर मिलकर रहोगे तो तुम्हारा कोई कुछ न बिगाड़ सकेगा| यदि आपस में लड़ते रहोगे, तो इस अकेली लकड़ी की भांति, तुम्हें कोई भी हानि पहुँचा सकता है|” बूढ़े किसान की बात उस के पुत्रों को समझ आ गई| वे बोले, “आज से हम कभी भी नहीं लड़ेंगे और आपस में मिल-जुलकर रहेंगे|”

7 **सही कारक-चिह्न रिक्त स्थानों में भरिए :-**

(क) राम को बुखार है| (में, को)

(ख) दीवार पर मत लिखो| (में, पर)

(ग) राम की माताजी बीमार हैं| (के, की)

(घ) नदी का जल बहुत ठंडा है| (के, का)

(ङ) मैंने गिलास नहीं तोड़ा| (मुझे, मैंने)

(च) सबको मेरी नमस्ते कहना| (सबको, सबमें)

(छ) वह गाड़ी से कानपुर गया| (पर, से)

(ज) यह बात दिनेश से पूछो| (को, से)

(झ) सड़क पर मत खेलो| (में, पर)

(ञ) बच्चे छत पर बैठे हैं| (पर, में)

## क्रियात्मक कार्य

## अनौपचारिक पत्र

अपने दादा-दादी को गायन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मिलने की बात बताते हुए पत्र लिखिए|

ए-302, सत्कार फ्लेट्स

मोटेरा

अहमदाबाद, गुजरात

दिनांक : 20 जुलाई 2020

आदरणीय दादा जी
सादर चरण स्पर्श

आप कैसे हैं? हम सब यहाँ पर ठीक हैं| ईश्वर से यही दुआ करते हैं कि आप हमेशा खुश व स्वस्थ रहें| हम सभी आप को व दादी को बहुत याद करते हैं|
कुछ दिन पहले आपका पत्र मिला था पर मैं आपको जवाब नहीं दे पाया था क्योंकि मेरी परीक्षा चल रही थी| मेरे इस बार सभी विषयों में अच्छे अंक आएँगे बस आप के आशीर्वाद की ज़रूरत है| दादाजी आप को पता है हमारे विद्यालय में गायन प्रतियोगिता भी थी जिसमें कुल 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया था तीन चरण में प्रतियोगिता का आयोजन हुआ और मैंने सभी चरण में जीत हासिल कर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया| हमारे विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने मुझे ट्रॉफी प्रदान की| सभी ने मेरे सुरों की व गायन कला की तारीफ़ की| मेरा ये हुनर आप के प्रोत्साहन की देन है|
अब मैं पत्र समाप्त करता हूँ, आप अपना ख्याल रखना| पत्र का जवाब जल्दी देना| दादी को बोलना मैं उन्हें बहुत याद करता हूँ और जल्दी ही उनसे मिलने आऊँगा|

आपका पोता
नमन
अभ्यास हेतु - अपने पिता जी को परीक्षा की तैयारी के बारे में बताते हुए पत्र लिखिए|

## चित्र वर्णन

**<u>नीचे</u> दिए चित्र का वर्णन 60-70 शब्दों के अनुच्छेद में कीजिए|**



यह चित्र एक समुद्र के किनारे का है| गर्मियों की छुट्टियाँ चल रही हैं| बच्चे छुट्टियों का मज़ा लेने गोवा गए हैं| दिन का समय है| सूरज तेज़ी से चमक रहा है, पर समुद्र के किनारे के कारण ठंडी हवा चल रही है| बच्चों को गर्मी का अहसास नहीं हो रहा है| आसमान में बादल भी इधर-उधर घूम रहे हैं| पक्षी भोजन की तलाश में उड़ रहे हैं| नायरा खेल कर थक गई है इसलिए आराम कुर्सी पर सो गई है| रंजिता पानी में तैरने के मज़े ले रही है| आकाश मिट्टी से अपना घर बना रहा है| अनीश आकाश के लिए पानी भरकर ला रहा है| मछलियाँ पानी में खेल रही हैं| केकड़ा भी अपने शिकार की तलाश में बैठा है| चिड़िया घोंसला बनाने के लिए तिनका एकत्रित कर रही है| सभी बच्चे आनंद उठा रहे हैं|

Class - 5

<u>Term</u> - 1 June 


**<u>पाठ-3</u>**

**वाचन व अर्थ स्पष्टीकरण**

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) सदैव - हमेशा

(ख) अवगुण - दोष

(ग) लोकप्रिय - सबका प्रिय

(घ) कृत्रिम - बनावटी

**वाक्य रचना**

बच्चों को <u>सदैव</u> बड़ों की बात माननी चाहिए|

दूसरों के अवगुण देखने से पहले स्वयं के अवगुण देखने चाहिए|

1 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) आज प्लास्टिक का प्रयोग किन-किन रूपों में हो रहा है?**

उत्तर आज पेन से लेकर वायुयान तक में किसी न किसी रूप में प्लास्टिक का प्रयोग होता है| भारी-भरकम फर्नीचर के स्थान पर प्लास्टिक के हल्के-फुल्के फर्नीचर ने तथा लोहे, तांबे और पीतल के बर्तनों के स्थान पर रंग-बिरंगे बर्तनों ने ले लिया है|

**(ख) प्लास्टिक के उपयोग से क्या-क्या हानियाँ हैं?**

उत्तर पूर्णतया नष्ट न होने के कारण प्लास्टिक मिट्टी की उपजाऊ शक्ति को कम करता है| प्लास्टिक की थैलियाँ पशुओं के पेट में जाकर उनकी जान के लिए खतरा बनती हैं, नालियों और सीवर में जाकर रुकावट पैदा करती हैं जिससे गंदा पानी सड़कों पर बहने लगता है और कई बीमारियों का कारण बनता है|

**(ग) प्लास्टिक के उपयोग में कौन-सी सावधानियाँ अनिवार्य है?**

उत्तर प्लास्टिक के उपयोग में निम्नलिखित सावधानियाँ अनिवार्य है - प्लास्टिक की थैलियों के स्थान पर कागज़, कपड़े या जूट के थैले का प्रयोग करें| खाने-पीने के

सामान लिए सफ़ेद या रंगहीन थैलियों का प्रयोग करें| प्लास्टिक की थैलियों को इधर-उधर न फेंककर कूड़ेदान में फेंकना चाहिए| प्लास्टिक की बोतल, गिलास आदि को तोड़कर कूड़ेदान में डालना चाहिए अर्थात इधर-उधर नहीं फेंकना चाहिए|

**(घ) प्लास्टिक की थैलियों से पशुओं को क्या हानि होती है?**

उत्तर प्लास्टिक की थैलियाँ पशुओं के पेट में जाकर उनकी जान के लिए खतरा बनती हैं|

**(ड) प्लास्टिक क्या है?**

उत्तर प्लास्टिक एक ऐसा कृत्रिम पदार्थ है, जो अनेक रसायनों के मिश्रण से मनुष्य द्वारा निर्मित किया गया है|

**2 सही वाक्य पर ✓ तथा गलत वाक्य पर × का निशान लगाओ :-**

(क) प्राकृतिक वस्तुओं का स्थान आज प्लास्टिक ने ले लिया है| **(✓)**

(ख) आज प्लास्टिक हमारे जीवन का अनिवार्य अंग बन गया है| **(✓)**

(ग) प्रकृति ने ही प्लास्टिक का निर्माण किया है| **(×)**

(घ) प्लास्टिक को दोबारा उपयोग में नहीं लाया जा सकता| **(×)**

(ड) खाने-पीने के सामान के लिए रंगीन थैलियों का प्रयोग करें| **(×)**

**3 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो :-**

{ पानी, सावधानियों, उपजाऊ, भयभीत, नष्ट }

(क) पोलीथिन की थैलियों को <u>पानी</u> में न बहाएँ|

(ख) प्लास्टिक के खतरे ने पूरे विश्व को <u>भयभीत</u> कर रखा है|

(ग) प्लास्टिक के उपयोग से भूमि की <u>उपजाऊ</u> शक्ति नष्ट हो जाती है|

(घ) वैज्ञानिक <u>नष्ट</u> होने वाले प्लास्टिक की खोज में लगे हैं|

(ड) प्लास्टिक के उपयोग में <u>सावधानियों</u> का पालन नितांत आवश्यक है|

**4 सही उत्तर पर ✓ लगाओ -**

(क) कौन-सी वस्तु आजकल लकड़ी की अपेक्षा प्लास्टिक से अधिक बनाई जाती है?

उत्तर कुर्सी

(ख) कौन-सी वस्तु आजकल धातु की अपेक्षा प्लास्टिक से अधिक बनाई जाती है?

उत्तर डिब्बे

(ग) प्लास्टिक कैसा पदार्थ है?

उत्तर कृत्रिम

(घ) निम्नलिखित में से अप्राकृतिक वस्तु को छाँटो-
उत्तर प्लास्टिक

**भाषा की बात**

**1 दिए गए शब्दों को समझो और लिखो-**

प्रकृति + इक = प्राकृतिक
इतिहास + इक = ऐतिहासिक
व्यवसाय + इक = व्यावसायिक

धर्म + इक = धार्मिक
अर्थ + इक = आर्थिक
वर्ष + इक = वार्षिक

**2 दिए गए शब्दों के विशेषण लिखो-**

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| प्रकृति | प्राकृतिक | कागज़ | कागज़ी |
| पेट | भरपेट | भय | भयानक |
| जल | जलीय | मानव | मानवता |

3 **विपरीतार्थक शब्दों से मिलान कीजिए :-**

| | |
|---|---|
| भारी | हल्का |
| कृत्रिम | प्राकृतिक |
| निर्माण | विध्वंस |
| सुविधा | असुविधा |
| लाभदायक | हानिकारक |
| सावधानी | असावधानी |

4 **दिए गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए :-**

सुविधाजनक - सुविधाजनक जीवन जीने के अलग मज़े हैं|
बहुपयोगी - प्रकृति ने कई बहुपयोगी वस्तुएँ मनुष्य को प्रदान की है|
लोकप्रिय - भारत की लोकप्रिय कहानियाँ विश्वभर में प्रसिद्ध हैं|
सफलता - मेहनत करने पर सफलता अवश्य मिलती है|

**व्याकरण-संज्ञा के विकारक तत्व**

**लिंग**

संज्ञा शब्द के जिस रूप से यह ज्ञात हो कि वह पुरुष जाति का है या स्त्री जाति का, उसे लिंग कहते हैं|



1 **सही उत्तर वाले विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए**

(क) लिंग कहते हैं-

उत्तर पुरुष या स्त्री जाति का बोध करने वाले शब्द रूप को

(ख) हिंदी में लिंग के भेद होते हैं-

उत्तर दो- स्त्रीलिंग, पुल्लिंग

(ग) किताब, रात, सड़क आदि शब्द हैं-

उत्तर स्त्रीलिंग

(घ) अभिनेता का स्त्रीलिंग होगा-

उत्तर अभिनेत्री

2 **अप्राणीवाचक संज्ञा का लिंग निर्धारण किस आधार पर किया जा सकता है? सरल विधि का उल्लेख कीजिए-**

उत्तर अप्राणीवाचक संज्ञा शब्दों के साथ विशेषण या क्रिया शब्द लगाकर लिंग का निर्धारण किया जा सकता है, जैसे- बड़ा कमरा, पेन टूट गई आदि|

3 **निम्नलिखित शब्दों के पुल्लिंग रूप लिखिए-**

| **स्त्रीलिंग** | **पुल्लिंग** | **स्त्रीलिंग** | **पुल्लिंग** |
|---|---|---|---|
| सेविका | सेवक | सिंहनी | सिंह |
| सम्राज्ञी | सम्राट | सेठानी | सेठ |
| ग्वालिन | ग्वाला | नायिका | नायक |
| मोरनी | मोर | तपस्विनी | तपस्वी |
| देवी | देव | नौकरानी | नौकर |
| चिड़िया | चिड़ा | पुत्री | पुत्र |

**4 रंगीन शब्दों का लिंग परिवर्तन कर वाक्य में प्रयोग कीजिए-**

| | |
|---|---|
| अध्यापक पढ़ा रहे हैं\| | अध्यापिका पढ़ा रही हैं\| |
| बंदरिया पेड़ पर बैठी है\| | बंदर पेड़ पर बैठा है\| |
| पिताजी आए हैं\| | माताजी आई हैं\| |
| आचार्या नहीं आई\| | आचार्य नहीं आए\| |
| नानाजी बाहर गए हैं\| | नानीजी बाहर गई हैं\| |
| कवि कविताएँ लिखता है\| | कवयित्री कविताएँ लिखती है\| |

**5 वाक्यों को सही शब्द द्वारा पूरा कीजिए-**

(क) दादी जी की छड़ी <u>काली</u> है| (काला/काली)

(ख) दादा जी का छाता <u>काला</u> है| (काला/काली)

(ग) उनका मकान <u>बड़ा</u> है| (बड़ा/बड़ी)

(घ) वह झोपड़ी <u>बड़ी</u> है| (बड़ा/बड़ी)

(ङ) यह चित्र <u>अच्छा</u> है| (अच्छा/अच्छी)

(च) यह तस्वीर <u>अच्छी</u> है| (अच्छा/अच्छी)

(छ) रतन की कमीज़ <u>नई</u> है| (नया/नई)

(झ) नानाजी का कुरता <u>नया</u> है| (नया/नई)

**6 निम्नलिखित शब्दों के सही स्त्रीलिंग रूप पर सही का (✓) निशान लगाइए-**

(क) चूहा - चूहों चूहिया चुहिया **(✓)**

(ख) हाथी - हथिनी **(✓)** हाथिनी हाथीनी

(ग) कवि - कवित्री कवयित्री **(✓)** कवियित्री

(घ) सम्राट - सम्राज्ञी **(✓)** साम्राज्ञी स्राामाज्ञी

(ङ) गुड्डा - गुड़िया **(✓)** गुड्डी गुड्डिया

**7 निम्नलिखित शब्दों के आगे उनका लिंग लिखिए तथा उनका वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनका लिंग स्पष्ट हो जाए-**

(क) दूध - पुल्लिंग - मुझे ठंडा दूध पसंद है|

(ख) चाय - स्त्रीलिंग - चाय ठंडी हो गई है|

(ग) पैर - पुल्लिंग - मेरे पैर दर्द कर रहे है|

(घ) टांग - स्त्रीलिंग - उसकी टांग टूट गई है|

(ड) दरवाज़ा - पुल्लिंग - दरवाज़ा खुल गया है|

(च) खिड़की - स्त्रीलिंग - हवा से खिड़की खुल गई है|

**क्रियात्मक कार्य**

**अनौपचारिक पत्र**

अपने मित्र/सखी को जन्मदिन की बधाई देते हुए पत्र लिखिए|

ए-302, सत्कार फ्लेट्स
मोटेरा
अहमदाबाद, गुजरात

दिनांक : 23 जून 2020

प्रिय मित्र आरव
सप्रेम नमस्ते

तुम कैसे हो? मैं यहाँ पर ठीक हूँ| ईश्वर से यही दुआ करता हूँ कि तुम हमेशा खुश रहो|

कुछ दिन पहले तुम्हारा पत्र मिला था पर मैं तुम्हें जवाब नहीं दे पाया था क्योंकि मेरी परीक्षा चल रही थी| तुम्हारी पढ़ाई कैसी चल रही है? मुझे याद है दो दिन बाद तुम्हारा जन्मदिन है मेरी और मेरे माता-पिता की तरफ से तुम्हें जन्मदिन की बहुत-बहुत बधाई हो| ईश्वर तुम्हें जीवन में सारी खुशियाँ दे यही हमारी दुआ है| पत्र के साथ मैं तुम्हें एक घड़ी भी उपहार में भेज रहा हूँ| आशा है, तुम्हें पसंद आएगी| अपना जन्मदिन खूब अच्छे से मनाना| पत्र द्वारा बताना कि उपहार कैसा लगा और जन्मदिन कैसे मनाया?

अब मैं पत्र समाप्त करता हूँ पत्र का जवाब जल्दी देना| अंकल-आंटी को मेरा प्रणाम कहना, चिंकी को प्यार देना|

तुम्हारा मित्र
नमन

अभ्यास हेतु - ग्रीष्मावकाश में अपने मित्र को घर पर बुलाने हेतु पत्र लिखिए|

**Class - 5**

**Term - 1 April & May (2021-22)**

## पाठ-1 माटी चन्दन है

**कविता गान व अर्थ स्पष्टीकरण**

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) शहीद - देश के लिए प्राण देने वाला

(ख) त्याग - बलिदान

(ग) पदचिह्न - पैरों के निशान

(घ) कर्मशील - कर्म करने वाला

**वाक्य रचना**

देश के शहीदों को हम हृदय से नमन करते हैं|

वीरों के त्याग के कारण ही देश सुरक्षित है|

1 **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) कवि किन्हें याद कर रहे हैं?**

उत्तर कवि देश के लिए शहीद हुए वीर सैनिकों को याद कर रहे हैं|

**(ख) शहीदों ने आज़ादी के लिए क्या-क्या किया?**

उत्तर शहीदों ने आज़ादी के लिए अपने प्राण तक की परवाह न कर देश हित के लिए विष तक पीने को तैयार रहे और अपना सब कुछ त्याग कर दिया|

**(ग) तिरंगा किनकी याद लिए फहरता है?**

उत्तर तिरंगा देश के लिए शहीद हुए वीरों की याद लिए फहरता है|

**(घ) देश नया जीवन कैसे पाता है?**

उत्तर अनुशासन से देश नया जीवन पाता है|

पाठ्य-पुस्तक में किया जाने वाला कार्य

2 **कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए :-**

विद्यार्थी स्वयं करेंगे

3 **नीचे दी गई पंक्तियों का अर्थ समझाओ :-**

**(क) आज़ादी के रखवालों को हृदय नमन है, जिनके त्याग तपोवन से माटी चन्दन है|**

उत्तर आज़ादी के रखवाले अर्थात् वीर सैनिकों का हम सभी भारतवासी दिल से आभार प्रकट करते हैं जिनके त्याग व परिश्रम के कारण ही हम सुख शांति से ज़िंदगी जी पा रहे हैं और आज़ादी रूपी चन्दन के कारण ही धरती पर शीतलता है|

**(ख) आज तिरंगा जिनकी याद लिए फहरता, वक्त आज भी जिनकी गौरव-गाथा गाता|**

उत्तर देश के लिए शहीद होने वाले वीरों की याद में आज़ादी का प्रतीक तिरंगा फहरता है समय आज भी वीरों की वीरता की कहानियाँ गर्व से गाकर सुनाता है अर्थात् हमें देश के लिए कुर्बान हुए वीरों को भूलना नहीं चाहिए|

**4 सही उत्तर पर ✓ (सही) लगाओ :-**

(क) **किनके त्याग तपोवन के जैसे हैं?**

उत्तर शहीदों के

(ख) **देशभक्त हाथों में क्या लेकर चले थे?**

उत्तर शीश

(ग) **शहीदों की दृढ़ता से कौन उन्नत है?**

उत्तर हिमालय

(घ) **देश किससे नया जीवन पाता है?**

उत्तर अनुशासन

**भाषा की बात**

**1 जो शब्द समानार्थी नहीं है उस पर घेरा लगाओ:-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) | प्रातः - सुबह | <u>रात</u> | सवेरा | उषा |
| (ख) | हाथ - कर | हस्त | पाणी | <u>भर</u> |
| (ग) | नमन - <u>शमन</u> | नमः | नमस्कार | प्रणाम |
| (घ) | हृदय - मन | उर | अंतर | <u>हर</u> |
| (ङ) | धरा - <u>धर</u> | अवनी | पृथ्वी | वसुंधरा |

**2 'वान' प्रत्यय लगाकर कुछ शब्द बनाइए :-**

बलवान, धनवान, गुणवान, दयावान

**3 मुहावरों का अर्थ लिखिए और वाक्यों में प्रयोग कीजिए:-**

**मौखिक चर्चा**

## पाठ - 2 मेडल की चमक

**वाचन व अर्थ स्पष्टीकरण**

**निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए तथा किन्हीं दो शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए|**

**शब्द - अर्थ**

(क) परिवेश - माहौल

(ख) कामयाबी - सफलता

(ग) अनुरोध - प्रार्थना

(घ) लक्ष्य - मंज़िल

वाक्य रचना

परिवेश से भी व्यक्ति की पहचान होती है|

परिश्रम करने से कामयाबी अवश्य मिलेगी|

**1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

**(क) साक्षी का जन्म कैसे परिवेश में हुआ था?**

उत्तर साक्षी का जन्म हरियाणा के मोखरा गाँव में हुआ था| उनके पिता परिवहन निगम में बस कंडक्टर थे और माँ आँगनबाड़ी चलाती थी|

**(ख) आस-पास के लोगों ने किस बात का विरोध किया?**

12 वर्ष की उम्र से ही साक्षी ने रोहतक के अखाड़े में कुश्ती का प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया था, आस-पास के लोगों ने इस बात का विरोध किया|

**(ग) साक्षी को पहली बार अपना जौहर दिखाने का मौका कब मिला?**

उत्तर आठ वर्षों तक लगातार मेहनत के बाद साक्षी को 2010 में जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप के 58 कि॰ ग्रा॰ फ्रीस्टाइल के कार्यक्रम में अपना जौहर दिखाने का मौका मिला|

**(घ) रियो में साक्षी का पदक और अधिक महत्त्वपूर्ण क्यों है?**

उत्तर साक्षी की सफलताओं ने पूरे देश में उन्हें चमका दिया था परंतु अभी भी कुछ करना बाकी था जिससे वे दुनिया भर में भारतीय गौरव की प्रतीक बन सकें| रियो में पदक से उन्हें दुनिया में पहचान मिली इसलिए यह पदक अधिक महत्त्वपूर्ण रहा|

पाठ्य-पुस्तक में किया जाने वाला कार्य

**2 नीचे कुछ उत्तर दिए गए हैं, उनके प्रश्न बनाओ -**

**(क) उनके पिता सुखबीर मलिक डी॰ टी॰ सी॰ में बस कंडक्टर थे और माँ आँगनबाड़ी चलाती थी|**

उत्तर साक्षी के माता-पिता क्या काम करते थे?

**(ख) बारह वर्ष की उम्र से साक्षी ने छोटूराम स्टेडियम, रोहतक के अखाड़े में कोच ईश्वर दहिया से कुश्ती का प्रशिक्षण लेना शुरू कर दिया था|**

उत्तर साक्षी ने कब और किससे कुश्ती का प्रशिक्षण लिया था?

**(ग) 2014 में कुश्ती के अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में उन्होंने स्वर्ण पदक प्राप्त किया था|**

उत्तर साक्षी ने स्वर्ण पदक कब प्राप्त किया था?

**(घ) साक्षी अगले ओलंपिक में इससे बड़ा पदक जीतना चाहती है| यही उनका एकमात्र लक्ष्य है|**

उत्तर साक्षी का एकमात्र लक्ष्य क्या है?

**(ड) खिलाड़ियों को सुविधाएँ ठीक-ठाक मिल रही हैं| फ़िलहाल साक्षी सुविधाओं से संतुष्ट है|**

उत्तर साक्षी किस बात से संतुष्ट है?

**3 सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो -**

[ पहलवानी, मेहनत, असंभव, अंतिम, आँगनबाड़ी ]

(क) साक्षी ने इस <u>असंभव</u> काम को संभव कर दिखाया|

(ख) माँ <u>आँगनबाड़ी</u> चलाती थी|

(ग) लोगों ने कहा कि <u>पहलवानी</u> पुरुषों का खेल है|

(घ) साक्षी ने और अधिक <u>मेहनत</u> शुरू कर दी|

(ड) अपने खेल के <u>अंतिम</u> क्षणों में उन्होंने पूरी बाजी पलट दी|

**4 सही उत्तर पर ✓ लगाओ -**

(क) साक्षी मलिक का जन्म कहाँ हुआ था?

उत्तर हरियाणा

(ख) साक्षी ने कितनी उम्र में कुश्ती सीखना शुरू किया?

उत्तर बारह वर्ष में

(ग) ईश्वर दहिया साक्षी के कौन थे?

उत्तर कोच

(घ) साक्षी को स्वर्ण पदक कब मिला था?

उत्तर 2014 ई॰ में

**5 विपरीतार्थक शब्द लिखिए -**

(क) सुख * दुख

(ख) जन्म * मृत्यु

(ग) संभव * असंभव

(घ) सफलता * असफलता

(ड) अपना * पराया

(च) विरोध * समर्थन

## व्याकरण

## भाषा, लिपि और व्याकरण

पाठ्य-पुस्तक -व्याकरण

**1 सही उत्तर वाले विकल्प को चुनिए -**

(क) भाषा कहते हैं -

उत्तर भावों के आदान-प्रदान के साधन को

(ख) भाषा के रूप हैं -

उत्तर दो - मौखिक एवं लिखित

(ग) लिपि कहते हैं -

उत्तर भाषा के लिखने की विधि को

(घ) ' रोमन ' ---------- भाषा की लिपि है|

उत्तर अंग्रेज़ी

**2 व्याकरण किसे कहते हैं?**

उत्तर जो शास्त्र हमें वर्णों, शब्दों और वाक्यों के शुद्ध प्रयोग की जानकारी देता है, वह व्याकरण कहलाता है|

**3 व्याकरण का क्या कार्य है? उदाहरण सहित लिखिए -**

उत्तर व्याकरण भाषा की शुद्धता व एकरूपता को बनाए रखने का कार्य करता है|
जैसे - मेरा नाम सीमा है| मैं अभी काम कर रही हूँ| शाम को खेलने जाऊँगी|

**4 निम्नलिखित भाषाओं की लिपियों के नाम लिखिए -**

उत्तर अंग्रेज़ी - रोमन
हिंदी - देवनागरी
उर्दू - फ़ारसी
पंजाबी - गुरुमुखी

**5 भारतीय संविधान में स्वीकृत 22 भाषाओं के नाम लिखिए -**

उत्तर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 हिंदी | 2 संस्कृत | 3 उर्दू | 4 नेपाली |
| 5 पंजाबी | 6 बांग्ला | 7 मैथिली | 8 सिंधी |
| 9 तमिल | 10 तेलुगू | 11 कन्नड़ | 12 उड़िया |
| 13 असमिया | 14 बोड़ो | 15 डोगरी | 16 कश्मीरी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 17 मलयालम | 18 मराठी | 19 संथाली | 20 मणिपुरी |
| 21 गुजराती | 22 कोंकणी | | |

6 **निम्नलिखित राज्यों में बोली जाने वाली भाषाओं के नाम लिखिए -**

महाराष्ट्र - मराठी | पश्चिम बंगाल - बांग्ला

गुजरात - गुजराती | दिल्ली - हिंदी

असम - असमिया | पंजाब - पंजाबी

जम्मू और कश्मीर - उर्दू/डोगरी | तमिलनाडु - तमिल

## संज्ञा

पाठ्य-पुस्तक -व्याकरण

1 **सही उत्तर वाले विकल्प को चुनिए -**

**(क) संज्ञा कहते हैं -**

उत्तर किसी प्राणी, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को

**(ख) उसकी लिखावट बहुत सुंदर है| रेखांकित शब्द (पद) है -**

उत्तर भाववाचक संज्ञा

**(ग) ' मधुर ' शब्द से बना भाववाचक संज्ञा शब्द है -**

उत्तर मधुरता, माधुर्य

2 **जातिवाचक संज्ञा किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए -**

उत्तर ऐसे शब्द जो किसी वस्तु, प्राणी या स्थान की सम्पूर्ण जाति का बोध कराते हैं, जातिवाचक संज्ञा कहलाते हैं| उदाहरण - माता, अध्यापिका चिड़िया आदि|

3 **भाववाचक संज्ञा किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए -**

उत्तर वे संज्ञा शब्द जिनसे प्राणी या वस्तु के गुण, दोष, अवस्था, दशा आदि का ज्ञान होता है, भाववाचक संज्ञा कहलाते हैं| उदाहरण - बचपन, मोटापा, समझदारी आदि|

4 **निम्नलिखित अनुच्छेद में व्यक्तिवाचक, जातिवाचक और भाववाचक संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए -**

रमेश, रवि और मोहन आगरा में ताजमहल देखने गए| उसकी सुंदरता, बनावट और सफ़ेदी को देखकर उन्हें आश्चर्य हुआ| वे खुशी से झूम उठे| रवि ने अपनी बहन के लिए गुड़िया खरीदी, रमेश ने अपने भाई के लिए खिलौना और मोहन ने माताजी के लिए मिठाई खरीदी|

**व्यक्तिवाचक संज्ञा** - रमेश, रवि, मोहन, ताजमहल, आगरा,

**जातिवाचक संज्ञा -** बहन, गुड़िया, भाई, खिलौना, माताजी, मिठाई
**भाववाचक संज्ञा** - सुंदरता, बनावट, सफ़ेदी, आश्चर्य

**5 दिए गए शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलकर खाली स्थानों में भरिए -**

(क) कमरे की <u>सजावट</u> बहुत सुंदर है| (सजाना)

(ख) कमला ने <u>होशियारी</u> से काम लिया| (होशियार)

(ग) इस सड़क की <u>चौड़ाई</u> मापो| (चौड़ा)

(घ) करण और कुणाल की <u>मित्रता</u> बहुत गहरी है| (मित्र)

## <u>क्रियात्मक कार्य</u>

## <u>अनुच्छेद लेखन</u>

निम्नलिखित विषय पर 70 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए -

### समय का महत्त्व




**"मैं समय हूँ मैं किसी की प्रतीक्षा नहीं करता, मैं निरंतर गतिशील हूँ "**

समय के बारे में कवि की ये पंक्तियाँ सत्य हैं - समय को सबसे मूल्यवान धन माना गया है| खोया हुआ धन व खोई हुई वस्तु मनुष्य पुनः प्राप्त कर सकता है परन्तु बीता हुआ समय कभी लौटकर नहीं आता है| प्रत्येक व्यक्ति को समय का सदुपयोग करना चाहिए क्योंकि समय कभी किसी की प्रतीक्षा नहीं करता है| समय पर काम करना ही सफलता का आसान रास्ता है| सपने देखने से पूरे नहीं होते हैं| अपने लक्ष्य को पाने के लिए योजना बनाकर कार्य करना चाहिए| सोचकर समय नहीं गँवाना चाहिए| जो व्यक्ति अपने कार्य को कल पर टालता है वह कभी-भी सफलता के शिखर को नहीं छू पाता है| विद्यार्थी जीवन में तो समय का बहुत महत्त्व होता है| विद्यार्थी को समय पर पढ़ाई के साथ-साथ समय पर खेलना भी

चाहिए| समय पर काम न करने वालों को अपमान सहना पड़ता है| हिंदी के महान कवि कबीरदास जी का दोहा भी काम को कल पर नहीं टालने की सीख देता है|

**"काल करे सो आज कर आज करे सो अब**

**पल में परलय होएगी बहुरि करोगे कब|"**

अभ्यास हेतु - वर्षा ऋतु, भारी होते बस्ते का दर्द, स्वतंत्रता दिवस

## <u>अपठित गद्यांश</u>

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

अनुशासन की आवश्यकता जीवन के हर क्षेत्र में होती है| अनुशासन ही मानव जीवन का प्राण है| अनुशासनहीन मनुष्य न तो अपना भला कर सकता है न ही अपने राष्ट्र का| अनुशासन का शाब्दिक अर्थ है- आदेश का पालन अथवा नियमबद्ध जीवन व्यतीत करना| जिस देश में अनुशासन नहीं होता, वहाँ सदैव कुव्यवस्था, अनीति, अनाचार, भ्रष्टाचार तथा स्वार्थ का बोलबाला होता है| इसीलिए कहा गया है - कैसा शासन, बिन अनुशासन| अनुशासन दो प्रकार का होता है - बाह्य अनुशासन एवं स्वानुशासन| स्वानुशासन को श्रेष्ठ माना गया है| विद्यार्थी जीवन में तो अनुशासन का सर्वाधिक महत्त्व है, क्योंकि इस आयु में अनुशासन का पालन करने वाला विद्यार्थी जीवन में निरंतर सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ता जाता है|

प्रश्न 1 जीवन के हर क्षेत्र में किसकी आवश्यकता होती है?

उत्तर अनुशासन की आवश्यकता जीवन के हर क्षेत्र में होती है|

प्रश्न 2 राष्ट्र का भला कौन नहीं कर सकता है?

उत्तर राष्ट्र का भला अनुशासनहीन मनुष्य नहीं कर सकता है|

प्रश्न 3 अनुशासन का शाब्दिक अर्थ क्या है?

उत्तर अनुशासन का शाब्दिक अर्थ है- आदेश का पालन अथवा नियमबद्ध जीवन व्यतीत करना|

प्रश्न 4 जिस देश में अनुशासन नहीं होता, वहाँ किसका बोलबाला होता है?

उत्तर जिस देश में अनुशासन नहीं होता, वहाँ सदैव कुव्यवस्था, अनीति, अनाचार, भ्रष्टाचार तथा स्वार्थ का बोलबाला होता है|

प्रश्न 5 अनुशासन कितने प्रकार का होता है? नाम लिखिए|

उत्तर अनुशासन दो प्रकार का होता है - बाह्य अनुशासन एवं स्वानुशासन

प्रश्न 6 विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का सर्वाधिक महत्त्व क्यों होता है?

उत्तर विद्यार्थी जीवन में तो अनुशासन का सर्वाधिक महत्त्व है, क्योंकि इस आयु में अनुशासन का पालन करने वाला विद्यार्थी जीवन में निरंतर सफलता की सीढियाँ चढ़ता जाता है|

प्रश्न 7 विलोम शब्द लिखिए -

उत्तर नीति * अनीति

सुव्यवस्था * कुव्यवस्था